# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

ताज़ा खबरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!


वर्ष: 17 | अंक 32 | सीकर, सोमवार 30 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8





### साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन धोखाधड़ी पर विशेष साक्षात्कार

# उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों के साथ, उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा : मनोज कुमार मील



संजय सोनी

झुंझुनू (नवयत्न)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील से साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर विस्तृत बातचीत।

**प्रश्न- वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के मामलों को आप कैसे देखते हैं?**

**मील-** वर्तमान में साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अपराधी तकनीकी माध्यमों से लोगों को डराकर या भ्रमित कर ठगी कर रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

**प्रश्न- इन मामलों में उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत क्या अधिकार मिलते हैं?**

**मील-** इस अधिनियम के तहत उपभोक्ताओं को कई महत्वपूर्ण अधिकार दिए गए हैं जैसे- सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, निवारण का अधिकार, उपभोक्ता जागरूकता का अधिकार इनके माध्यम से उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर मुआवजा प्राप्त कर सकता है।

**प्रश्न- क्या इस अधिनियम में ई-कॉमर्स और ऑनलाइन लेनदेन को लेकर भी प्रावधान हैं?**

**मील-** हां, अधिनियम में ई-कॉमर्स नियम 2020 शामिल हैं, जिनके तहत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को अपनी पूरी जानकारी देना अनिवार्य है। फर्जी या भ्रामक विज्ञापन पर कार्रवाई का प्रावधान है और उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी होने पर जवाबदेही तय होती है।

**प्रश्न- आरबीआई की गाइडलाइन इस विषय में क्या कहती है?**

**मील-** भारतीय रिजर्व बैंक ने 6 जुलाई 2017 को जारी परिपत्र में यह स्पष्ट किया है कि साइबर फ्रॉड की सूचना मिलने पर बैंक को 72 घंटे के भीतर आवश्यक कार्रवाई करनी होगी। समय पर सूचना देने पर उपभोक्ता की जिम्मेदारी सीमित हो जाती है।

**प्रश्न- बैंक खाताधारकों के बीमा को लेकर क्या प्रावधान हैं?**

**मील-** बैंक एटीएम कार्ड, सैलरी अकाउंट और किसान क्रेडिट कार्ड धारकों का बीमा करवाते हैं। लेकिन यह जरूरी है कि बीमा कंपनी, पॉलिसी की शर्तें और क्लेम प्रक्रिया की पूरी जानकारी उपभोक्ता को दी जाए।

**प्रश्न- जिला स्तर पर साइबर फ्रॉड रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे?**

**मील-** जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया जायेगा कि वे संयुक्त रूप से विस्तृत कार्ययोजना बनाएं। इसमें बैंक-पुलिस समन्वय और जागरूकता अभियान शामिल होंगे।

**प्रश्न- खातों को फ्रीज करने के मामलों में क्या कानूनी स्थिति है?**

**मील-** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार केवल विवादित राशि को ही होल्ड किया जा सकता है। पूरे खाते को फ्रीज करना उचित नहीं है और शेष राशि के लेनदेन पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।

**प्रश्न- इस प्रक्रिया में बैंक की क्या जिम्मेदारी होती है?**

**मील-** बैंक को होल्ड की गई राशि, उसके कारण और संबंधित आदेश की जानकारी उपभोक्ता को लिखित रूप में देनी चाहिए। साथ ही, निस्तारण के लिए भी सक्रिय प्रयास करने चाहिए।

**प्रश्न- आम उपभोक्ताओं के लिए आपका क्या संदेश है?**

**मील-** किसी भी अनजान कॉल, लिंक या डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकी से घबराएं नहीं। तुरंत बैंक, साइबर हेल्पलाइन और पुलिस को सूचना दें। ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ता आयोग में परिवाद दर्ज करवाने की सरल व सुलभ सुविधा आमजन को उपलब्ध है।

**प्रश्न- अंत में आप क्या कहना चाहेंगे?**

**मील-** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 ने उपभोक्ताओं को मजबूत कानूनी सुरक्षा दी है। यदि उपभोक्ता जागरूक रहें और समय पर कार्रवाई करें, तो साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

## राजस्थान- होटल, शादी-समारोह को मिलने वाली गैस का कोटा तय

### सरकार ने कॉमर्शियल एलपीजी की नई नीति बनाई



जयपुर।

राजस्थान में नई कॉमर्शियल एलपीजी नीति जारी की गई है। अलग-अलग उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर 40 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक गैस आवंटन किया जाएगा।

बिना रजिस्ट्रेशन किसी भी कॉमर्शियल उपभोक्ता को सिलेंडर नहीं मिलेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया- 8 मार्च को केंद्र सरकार ने एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर के जरिए कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति रोक दी थी। ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को बिना रुकावट गैस मिल सके। अब केंद्र और राज्य सरकार की कोशिश से कॉमर्शियल एलपीजी सप्लाई को धीरे-धीरे बहाल किया गया है। यह पहले की स्थिति के करीब 70 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है।

### सभी के लिए गैस का कोटा अलग-अलग

नई नीति के अनुसार होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और डेयरी सेक्टर को 60 प्रतिशत, औद्योगिक इकाइयों को 40 प्रतिशत और अन्य उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत गैस आवंटित होगी। वहीं, फूड कार्ट और प्रवासी श्रमिकों को जरूरत के अनुसार 5 किलोग्राम के अधिकतम दो सिलेंडर दिए जाएंगे। मंदिरों, विवाह- समारोह और धार्मिक आयोजनों को भी 50 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

### इन्हें मिलेगी 100% सप्लाई

सरकार के अनुसार एजुकेशन सोसाइटी सहित अन्य संस्थाओं को 100 प्रतिशत सप्लाई मिलेगी। इनमें सरकारी अस्पताल, स्कूल-कॉलेज (होस्टल व मिड-डे मील सहित), सरकारी कार्यालयों के कैंटीन, पुलिस और अर्धसैनिक बलों के मेस, सहकारी समितियों के कैंटीन और शोध संस्थान शामिल हैं।

# जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट : पीएम मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं।

### पीएम के संबोधन की 4 बड़ी बातें

**जंग के चलते ऊर्जा संकट:** साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

**अफवाहों में न आएं:** मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं 7 सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे।

**मार्च महीने में हलचल:** मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं।

**खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद जारी:** वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं।




### गर्मियों के सीजन और मछुआरों पर भी बात की

देश के कई हिस्सों में गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है यानि ये समय जल संरक्षण के अपने संकल्प को फिर से दोहराने का है। पिछले 11 सालों में जल संचय अभियान ने लोगों को बहुत जागरुक बनाया है। इस अभियान के तहत देश-भर में करीब 50 लाख आर्टिफिशियल वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। हमारे मछुआरे भाई-बहन सिर्फ समुद्र के योद्धा नहीं हैं, बल्कि वे आत्मनिर्भर भारत की एक मजबूत नींव भी हैं। वे सुबह होने से पहले समन्दर की लहरों से जूझते हुए, अपने परिवार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में जुट जाते हैं। ऐसे मेहनतकश मछुआरों का जीवन आज कई तरह से आसान बनाया जा रहा है। जब समाज खुद आगे आता है, तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव बन जाते हैं। हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे कई उदाहरण सामने आ रहे हैं, जो हमें यही सिखाते हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक प्रेरक प्रयास देखने को मिला। वहां एक ही घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना।

### जम्मू-कश्मीर की रणजी टीम का जिक्र किया

पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। आज देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है, जिन्होंने रणजी सीजन में 60 विकेट लिए हैं। देशभर के क्रिकेट फैंस के लिए यह महीना जोश और उत्साह से भर देने वाला रहा है। जब भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई।

## रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

### बेटे गौतम सिंघानिया ने मुखाग्नि दी; पद्म भूषण से सम्मानित, वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था



मुंबई।

टेक्सटाइल ब्रांड रेमंड को घर-घर तक पहुंचाने वाले पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार 29 मार्च को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दोपहर 3 बजे चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर उनके बेटे और रेमंड के मौजूदा चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम रस्में पूरी कीं। 87 वर्षीय सिंघानिया का शनिवार शाम को निधन हुआ था। वे अपने पीछे पत्नी आशादेवी और तीन बच्चों- मधुपति सिंघानिया, शेफाली रुइया और गौतम सिंघानिया को छोड़ गए हैं। गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विजयपत सिंघानिया 1980 में रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और एमडी बने थे। सिंघानिया के नेतृत्व में रेमंड ग्रुप सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं रहा।

# वित्त मंत्रालय ने माना इकोनॉमी की रफ्तार धीमी

## महंगे तेल-लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन बिगड़ने का असर; महंगाई बढ़ने के संकेत

नई दिल्ली।

वित्त मंत्रालय ने मार्च 2026 की अपनी मंथली इकोनॉमिक रिव्यू रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार अब थोड़ी धीमी हो सकती है। इसकी सबसे बड़ी वजह पश्चिम एशिया में चल रहा तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। मंत्रालय ने माना है कि इन बाहरी झटकों की वजह से देश के अंदर इनपुट कॉस्ट यानी प्रोडक्शन की लागत बढ़ गई है, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर दबाव दिख रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी 2026 तक भारतीय इकोनॉमी काफी मजबूत स्थिति में थी। डोमेस्टिक डिमांड, इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार और सरकारी नीतियों की मदद से सप्लाई और डिमांड दोनों मोर्चों पर प्रदर्शन अच्छा रहा था। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में बढ़त बनी हुई थी, वहीं गाड़ियों की बिक्री और डिजिटल पेमेंट्स में भी लगातार ग्रोथ दर्ज की गई थी।

### इनपुट कॉस्ट और सप्लाई चेन में दिक्कतें बढ़ीं

मंत्रालय के अनुसार, मार्च 2026 से ग्लोबल हालात बदलने लगे। वेस्ट एशिया में तनाव बढ़ने से एनर्जी मार्केट और लॉजिस्टिक्स (माल ढुलाई) बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

इसका सीधा असर भारत के प्रोडक्शन सेक्टर पर पड़ा है। रिपोर्ट में ई-वे बिल जनरेशन में आई कमी और फ्लैश पीएमआई (परचेज मैनेजर इंडेक्स) के कमजोर आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि महीने-दर महीने आधार पर इकोनॉमी की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है।

### इकोनॉमी पर इन 3 वजहों से बढ़ रहा है दबाव

**महंगा कच्चा तेल:** ग्लोबल मार्केट में तेल की कीमतें बढ़ने से कंपनियों की लागत बढ़ गई है।

**लॉजिस्टिक्स-इंश्योरेंस:** समुद्री रास्तों में तनाव की वजह से माल ढुलाई का किराया और इंश्योरेंस प्रीमियम महंगा हो गया है।

**सप्लाई चेन:** जरूरी इनपुट्स की सप्लाई में देरी होने से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर असर पड़ रहा है।

### डिमांड अब भी बरकरार, पर ग्रामीण इलाकों में चिंता

राहत की बात यह है कि देश में घरेलू मांग अभी भी बनी हुई है। व्हीकल रजिस्ट्रेशन और डिजिटल ट्रांजैक्शन के आंकड़े बता रहे हैं कि लोग खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट में एक रेड फ्लैग भी दिखाया गया है। मंत्रालय ने नोट किया है कि ग्रामीण इलाकों में सेंटीमेंट थोड़ा कमजोर हुआ है। मांग और सप्लाई के बीच यह अंतर बताता है कि फिलहाल सुस्ती कंजम्पशन की कमी से नहीं, बल्कि बढ़ती लागत और सप्लाई में रुकावटों की वजह से है।



### रिटेल महंगाई में भी उछाल के संकेत

रिटेल महंगाई में भी उछाल के संकेत मिले हैं। अभी तक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों की कीमतें थीं, लेकिन मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों का पूरा असर अभी तक घरेलू बाजार में नहीं दिखा है। अगर वैश्विक स्तर पर एनर्जी की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो आने वाले दिनों में महंगाई और बढ़ सकती है। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा रिस्क है। पिछले महीने फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% पर पहुंच गई थी।

## कोबरी-सार



## हरिचरणदास महाराज की हुई चादरपोशी

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** हजारों भक्तगणों-श्रद्धालुगणों के आस्था और विश्वास के केन्द्र जालपाली धूणी के सीताराम मंदिर में बैंकुठवासी परम संत राम-लखन दास महाराज की चरण पादुका प्रतिष्ठा एवं चादरपोशी शनिवार को की गई। महाराज के शिष्य सुदर्शन दास महाराज ने बताया कि सुबह से स्वस्तिवाचन व हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ और सवा 9 बजे संत-महात्माओं की मौजूदगी में चरण-पादुका की स्थापना हुई। उसके बाद दोपहर में आगामी 21 से 29 मई तक होने वाले 9 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ को लेकर ध्वज स्थापना की गई। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे चादरपोशी का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें अनेक पीठाधीश्वर व संत-महात्माओं ने बैंकुठवासी राम-लखन दास महाराज की चादर उनके शिष्य हरिचरणदास महाराज को ओढ़ाई और उन्हें सीताराम मंदिर का उत्तराधिकारी नियुक्त किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्थान सरकार में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहे। उन्होंने हरिचरणदास महाराज को चादर ओढ़ाई। इसके बाद संत सम्मेलन व भण्डारा हुआ। इस दौरान भजन गायक प्रकाश दास महाराज व सुदामा सैन एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। हरिचरणदास महाराज एवं सुदर्शन दास महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगणों, भक्तगणों, संत महात्माओं एवं गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

## दो दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ सम्पन्न



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद के तिब्बारे वाले बालाजी मंदिर में चल रही दो दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ सम्पन्न हुआ। आयोजन समिति के अशोक भूत ने बताया कि मंदिर परिसर की रंग बिरंगी रोशनी एवं फूल मालाओं से विशेष सजावट की गई। पंडित सुशील पुजारी के आचार्यत्व में खनक शर्मा, नमन शर्मा, ऋत्विक भादुपोता, भरत भादुपोता एवं राहुल गोठवाल ने अखण्ड रामायण पाठ का वाचन किया। पाठ के बाद बाबा की महा आरती कर भोग लागकर प्रसाद वितरण किया गया। निर्वतमान पालिका चेयरमैन हरफूल सिंह पूनिया, समाजसेवी गिरधारी लाल इंदौरिया, मुकेश पारीक, सुभाष चंद्र भूत, शंकर लाल शर्मा, ललित अग्रवाल, ओमप्रकाश भूत, जितेंद्र सैनी, महेश जोशी, सीताराम जीनगर, राम अवतार सेन, मनोज टेलर, सुभाष खंडेलवाल, सहीराम खटोड़, रतन सिंह खींची, मनोज गोठवाल, नरेश टेलर, केशर देव यादव, सुरेश पूनिया, सुरेश नुवा वाला, शशांक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## अम्बेडकर जयंती तैयारी हेतु बैठक आयोजित



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** रविवार सुबह 10 बजे अंबेडकर पार्क चनाना में 135वीं अंबेडकर जयंती 2026 की तैयारियों हेतु सामूहिक मीटिंग का आयोजन किया गया। सभी के सुझावों को ध्यान में रखते हुए रैली एवं समारोह सभा का आयोजन अंबेडकर पार्क में किया जाएगा। बड़े ही हर्ष के साथ इस बार अंबेडकर जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कृष्ण दूधवाल, मदनलाल डिग्रवाल, जगदीश सबल, ओमप्रकाश डिग्रवाल, शरीफ खान, राजकुमार डेबनिया, मंगलचंद गहनोलिया, हरदेवराम, राधेश्याम बाकोलिया, रमेश सेवलिया, सीताराम मार्शल, प्रवीण गजराज, राकेश कुमार, अंकित मीणा, राहुल बिलोनिया, प्रकाश झाझड़िया, अमरजीत गजराज, दीपक डिग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेघवाल समाज के दूसरी बार अध्यक्ष बने गर्वा



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** मेघवाल समाज विकास संस्थान के तत्वावधान में रविवार को समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता छगनाराम गर्वा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को यथावत रखते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर छगनाराम गर्वा, उपाध्यक्ष कानाराम रायधना, राजेन्द्र मंत्री बिठूड़ा, सचिव गोविन्दराम बरवड़ ध्यावा, कोषाध्यक्ष सादसुख असोटा इसके साथ ही सभाध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी का कार्यकाल दो वर्ष का रहेगा तथा आगामी चुनाव भी सर्वसम्मति से आयोजित किए जाएंगे। बैठक में रामस्वरूप, हेमाराम, ओम प्रकाश, भंवरलाल, मगनाराम, रामूराम, हेमंत कुमार, श्याम भाटी, जितेंद्र जिलोया, राजेन्द्र प्रसाद, प्रिंसिपल ओमशंकर गर्वा, पूर्णराम लाछड़ी, रामचंद्र भाटी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शिविर कल

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा हर माह के अंतिम दिन लगाए जाने वाला 57 वां शिविर इस माह 31 मार्च मंगलवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा। जिसमें रोगी नि:शुल्क मधुमेह, बीपी जांच और वजन करवा सकते हैं तथा शिविर में डॉक्टर महेंद्र प्रसाद तिवारी नि:शुल्क परामर्श भी देंगे। लायंस क्लब की ओर से सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने श्रीमाधोपुर और आसपास के क्षेत्र के लोगो से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में आयोजित भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नीट, आईआईटी एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक सशक्त मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनूप सैनी आर.ए.एस. एवं अध्यक्षता सुमित्रा प्रिंसिपल, डाईट ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रामस्वरूप जाखड़ प्रिंसिपल, एम.डी. कॉलेज झुंझुनू, कृष्ण कुमार कौशिक जी.एम. राजस्थान पत्रिका, डॉ. आशीष गर्ग प्रोफेसर, नेतराम मघराज महाविद्यालय, डॉ. महेश बिस्सू निदेशक, ऑक्सफोर्ड स्कूल ढ़ीगाल, हरलाल सिंह मोगा निदेशक, राजस्थान पब्लिक स्कूल मंडावा, नरेंद्र निदेशक, रविंदर पब्लिक स्कूल, सुरेश निदेशक, रामलाल शिक्षण संस्थान, अलसीसर, महेश बसावतिया एवं अख्तर अली निदेशक, स्टार एकेडमी झुंझुनूं ने शामिल होकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संस्थान के फाउंडर इंजी. प्यारेलाल ढूकिया एवं को-फाउंडर इंजी. पीयूष ढूकिया की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। दोनों ही शिक्षा क्षेत्र में अपने दूरदर्शी नेतृत्व, अनुशासन एवं परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के लिए जाने जाते हैं, जिनके मार्गदर्शन में वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम के दौरान इंजी. प्यारेलाल ढूकिया द्वारा सभी अतिथियों का साफा, शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए एक सशक्त संदेश देते हुऐ कहा कि जब झुंझुनू में ही वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट जैसा सशक्त संस्थान उपलब्ध है, तो फिर कोटा, सीकर या जयपुर जाने की आवश्यकता नहीं है। उनके इस संदेश ने उपस्थित सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, विश्वास एवं नई ऊर्जा का संचार किया। वहीं इंजी. पीयूष ढूकिया ने अपने उद्बोधन में आधुनिक शिक्षा प्रणाली, प्रतियोगी परीक्षाओं की बदलती रणनीति एवं वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट के एकेडमिक स्ट्रक्चर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार संस्थान छात्रों को शुरुआती स्तर से ही एक मजबूत कॉम्पिटिटिव माइंडसेट के साथ तैयार कर रहा है। वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट की सेन्टर हेड डॉ. शिखा सहाय ने संस्थान की कार्यप्रणाली एवं ओरिएंटेशन की विस्तृत जानकारी साझा की।

कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन एडमिन हेड जितेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। इस पूरे आयोजन की रूपरेख, प्रबंधन एवं क्रियान्वयन में उनकी नेतृत्व क्षमता स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी रहा। वीपीएल फैकल्टी टीम द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से नीट, आईआईटी एवं जेईई की तैयारी की सम्पूर्ण रणनीति प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों को पूरे वर्ष किस प्रकार पढ़ाया जाएगा तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किस स्तर तक तैयार किया जाएगा, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण एवं भरोसेमंद पहल बताया।

## अवैध गैस री-फिलिंग एवं सिलेंडर कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार लाडनूं में गैस की अवैध रिफिलिंग एवं घरेलू गैस सिलेंडर का कॉमर्शियल उपयोग करने के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। यहां वीरेंद्र सिंह जाखड़ परवर्तन निरीक्षक, मनीषा गुर्जर एवं परवर्तन अधिकारी दीपक कुल्हार ने पुलिस बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए निम्बी चौराहे पर स्थित मोयल सर्विस सेंटर पर दबिश देकर मौके से अवैध रीफिल के लिए रखे हुए डेढ़ दर्जन सिलेंडर, पेट्रोल से भरे दो कैन सहित री-फिलिंग मोटर जब्त की है। नागौर डीडवाना से लाडनूं पहुंची रसद विभाग की टीम ने लाडनूं के तेली रोड स्थित होटलों और बस स्टैंड पर चाय की दुकानों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में गैस से भरे और खाली अवैध सिलेंडर जब्त किए हैं। कार्रवाई की भनक लगते ही लाडनूं में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार एवं होटल संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर गायब हो गए। परवर्तन निरीक्षक वीरेंद्र सिंह जाखड़ ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग और कालाबाजारी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इनके खिलाफ जिलेभर में अभियान चला कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं गैस वितर्क एजेंसियों को समय पर सप्लाई देने और डीएससी के बिना किसी को भी सिलेंडर नहीं देने के लिए भी पाबंद किया है। इस दौरान गैस वितरक एजेंसी वितरक अदरीश खान, कांस्टेबल रामचंद्र सहित अन्य पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## अभिभावक-अध्यापक मीटिंग आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल में अभिभावक-अध्यापक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के पाठ्यक्रम व अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों के बारे में विचार-विमर्श किया गया। को-ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया कि पीटीएम का शुभारंभ संस्था अध्यक्षा पार्वती खर्रा, निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य आनंद बबेरवाल व सभी अभिभावकों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय निदेशक ने बताया की समय-समय पर अभिभावक-अध्यापक मीटिग का होना भी अति आवश्यक है ताकि बच्चों के अभिभावक तथा अध्यापक आपस में साथ बैठकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के बारे में आपसी तालमेल कर सकें। वहीं इस मीटिंग में अपने बच्चों को साथ लेकर आए हुए अभिभावकों ने भी इस मीटिग के आयोजन को सराहनीय कदम बताया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन रखने से अभिभावक और अध्यापक आमने-सामने बैठकर बच्चे की पढ़ाई से सम्बंधित बातें कर सकते हैं और एक दूसरे को बच्चे के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दे सकते हैं। इस अवसर पर अमित माथुर, पवन सैनी, अंकित जांगिड़, नेहा माथुर व अभिभावकों सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सिंघाना क्षेत्र की टॉपर स्कूल बनी न्यू ईडन

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** स्थानीय न्यू ईडन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंघाना एक बार फिर अपने उत्कृष्ट परिणाम के साथ रही क्षेत्र की टॉपर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन कर श्रेष्ठता का लोहा मनवाया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन के लिए अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली न्यू ईडन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा प्रांजल गोदारा ने 97.33 प्रतिशत अंकों के साथ क्षेत्र एवं विद्यालय टॉप किया । छात्रा पायल 97 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही । इसी प्रकार छात्रा रिंकू 96 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। संस्था निदेशक डॉ. अनिल गोदारा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । श्रेष्ठ परिणाम की उपलब्धि पर निदेशक डॉ. अनिल गोदारा ने शिक्षकों विद्यार्थियों, अभिभावकों को धन्यवाद दिया। दसवीं कक्षा के रिजल्ट में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त 5 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 14 विद्यार्थी रहे हैं तथा कुल 31 विद्यार्थीयो ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। हर दूसरे ने विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर न्यू ईडन कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनीता ने बताया की संस्था परंपरागत रूप से पिछले 28 वर्षों से क्षेत्र में श्रेष्ठ रिजल्ट दे रही है । हमारे यहां के विद्यार्थी संस्कार युक्त शिक्षा के लिए जाने जाते हैं । न्यू ईडन क्षेत्र की एकमात्र संस्था है जहां 65 प्रतिशत से अधिक बालिकाएं अध्यनरत हैं। हमारा विद्यालय शिक्षा के साथ ही खेल के क्षेत्र में भी जिला एवं राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। न्यू इंडियन अंग्रेजी माध्यम की संस्था अध्यक्ष सरिता एवं प्रधानाध्यापिका पिंकी तथा न्यू ईडन स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव ने भी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत सत्कार किया और डीजे की धुन पर नाच कर जश्न मनाया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य विजेंद्र कुमार, सोमवीर सिंह, मुकेश कुमार, रचना यादव, ममता, मनीषा, रविंद्र कुमार, प्रीतम कुमार सैनी, विजय सिंह, मोनिका इत्यादि मौजूद रहे। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक गण भी मौजूद रहे।

## ग्रेजुएशन सेरेमनी व हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** शहर के बीकानेर रोड स्थित मालजी गार्डन के पास ग्रो जीनियस स्कूल में रविवार को वर्ष 2026-27 का ग्रेजुएशन सेरेमनी और हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के राजकीय उपजिला अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर चंद्रभान जांगिड़ व शिक्षाविद् रणवीर सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजकीय उपजिला अस्पताल के प्रभारी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चंद्रभान जांगिड़ ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में छोटे-छोटे बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, मोबाइल के बढ़ते प्रचलन से बच्चों को दूर रखने की आवश्यकता है, हमें ऐसे विद्यालय की जरूरत होती है जहां पर हमारा छोटा बच्चा पढ़ाई के साथ-साथ समग्र विकास कर सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने से छोटे-छोटे बच्चों में एक नई ऊर्जा पैदा होती है जो बच्चों के भविष्य को संवारने का काम करती है। इस अवसर पर डॉ चंद्रभान जांगिड़ ने अभिभावकों द्वारा बच्चों के प्रति पूछे गए बीमारियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों को वर्ष 2026-27 का रिपोर्ट कार्ड डॉ चंद्रभान जांगिड़ शिक्षाविद् रणवीरसिंह, संस्था प्रधान मुकेश पूर्वा, प्रधानाचार्य कमल कुमार सैनी ने सम्मान के साथ प्रदान किया। जब बच्चों को रिपोर्ट कार्ड मिला तो पूरा हॉल तालिया से गूंज उठा। रिपोर्ट कार्ड पाकर बच्चे और अभिभावक उत्साह से झूम उठे। इस अवसर पर ग्रो जीनियस स्कूल के प्रधानाचार्य कमल कुमार सैनी ने बताया कि आज रिपोर्ट कार्ड देने के साथ-साथ आगामी सेशन को लेकर अभिभावकों को बताया गया है कि विद्यालय में आगामी वर्ष क्या कुछ होने वाला है। इस अवसर पर अभिभावकों ने कहा कि ग्रो जीनियस स्कूल का समस्त स्टाफ और यहां पर होने वाली गतिविधियों से हमारे बच्चों ने बहुत कुछ सीखा है, पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में अन्य गतिविधियां भी करवाई जाती है जिसके कारण हमारे बच्चे मानसिक तनाव से बाहर रहते हैं, उन्होंने कहा कि स्कूल का स्टाफ और मैनेजमेंट बहुत ही शानदार है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य रेणु कलवा, नंदिनी स्वामी, आरती जांगिड़, पिंकी झांकल, रश्मि जोशी, मुस्कान सेन, प्रिया पवार, अनिता सैनी, विशाखा चौधरी, वर्षा तूहानियां, टीना वर्मा, गुड्डू जांगिड़ आदि विद्यालय के टीचर और स्टाफ मौजूद रहे।

## कार्यक्रम आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका को यूनिफॉर्म की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने हेतु सोमवार को सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय पर डीओआईटी वीसी सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेंद्र शेखावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को सुबह 11 बजे जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका को यूनिफॉर्म की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य स्तरीय समारोह से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ा रहेगा। कार्यक्रम का जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रसारण किया जाएगा।

## आज होगा फाइनल मुकाबला

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन शनिवार को बिजली विभाग एवं कृषि विभाग एवं पुलिस व मेडिकल टीम के बीच क्वार्टर फाईनल मुकाबले खेले गए। तहसीलदार सुनील कुमार मील ने बताया कि केसीसी के नेहरू मैदान में स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन शनिवार शाम छह बजे पहला क्वार्टर फाईनल मुकाबला बिजली विभाग एवं कृषि विभाग के बीच खेला गया।

बिजली विभाग की टीम ने पहले बलेबाजी करते हुए 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाएं, एक समय बिजली विभाग के पांचवें ओवर में ही 42 रनों पर आधी टीम पांच खिलाड़ी पेवेलियन लोट गए, बिजली विभाग के हंशराज ने एक तरफसे टीम को संभालते हुए मात्र 32 गेंदों में ताबतोड़ आठ छक्कों व छह चौकों की मदद से 86 रन बना कर आउट हुए, बिजली विभाग टीम के बृजपाल ने भी हंशराज का साथ देते हुए 18 गेंदों में 38 रन बना कर नोट आउट रहते हुए सात विकेट पर 183 रन बनाएं। जवाब में बिजली विभाग मनोज ने मात्र पांच रन देकर तीन, हंशराज ने 16 रनए नरेश योगी ने दस रन देकर 2-2 विकेट लेकर कृषि विभाग की टीम को 83 रनों पर ही ऑल आउट कर 100 रनों से मैच जीत कर सेमीफाईनल में जगह बनाई। बिजली विभाग के हंशराज को मैन ऑफदा मैच चुना गया।

दुसका क्वार्टर फाईनल मुकाबला शाम साढे आठ बजे मेडिकल व पुलिस के बीच खेला गया। पुलिस ने पहले बलेबाजी करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाएं, पुलिस टीम के मनीष जांगिड़ ने 34 गेंदों पर 60 रन बना कर नोट आउट रहे वही रविकांत शर्मा 29 गेंदों पर 62 रन बनाकर रिटार्यड हट हो गए, संदीप कुमार ने आठ गेंदों पर 22 रनों का योगदान देते हुए टीम को चार विकेट पर 167 बनाई। जवाब में मेडिकल टीम ने कड़े मुकाबले में अभिषेक के 23 गेंदों में 51 रन, डॉ. महेंद्र सैनी ने 22 गेंदों पर 30 रन, सुभाष ने 23 गेंदों पर 36 रनों का योगदान देते हुए छह विकेट के नुकसान पर 160 रन ही बना पाए। पुलिस टीम सात रन से मैच जीत कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। पुलिस टीम के रविकांत शर्मा को मैन ऑफ दा मैच चुना गया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला सोमवार देर रात्री को खेला जाएंगा।

## सालासर दरबार के लिए निशान लेकर पदयात्रियों का जत्था हुआ रवाना

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के हनुमंत धाम कानोड़िया बालाजी मंदिर सहित अन्य बालाजी मंदिरों से शनिवार को चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी को निशान पदयात्रियों के जत्थे सालासर धाम के लिए रवाना हुए। पुजारी मूलचंद मिश्रा के सानिध्य में निशानधारी शंकरलाल मिश्रा के नेतृत्व में छह दशकों से चली आ रही निशान चढाने की परंपरा निभाई गई। मंदिर परिसर में निशान की विधिवत पूजा अर्चना के बाद पुजारी शंकरलाल मिश्रा के नेतृत्व में निशान पदयात्रियों का जत्था पुष्प वर्षा के साथ सालासर धाम के लिए रवाना हुआ। मंदिर परिसर से शुरू हुई निशान पदयात्रा का कस्बे में जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर निशान का स्वागत किया। इस मौके पर मुरारीलाल दाधीच, रामगोपाल दाधीच, पालीराम मुंशी, हनुमान दाधीच द्वारा निशान और पदयात्रियों का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। कृष्ण शर्मा ने बताया कि हनुमत धाम कनोड़िया मंदिर से 68 वीं निशान पदयात्रा सालासर धाम के लिए निकली है। सालासर बालाजी के परम भक्त स्व. विष्णू मिश्रा महाराज द्वारा निशान यात्रा शुरू की गयी थी अब उनके पुत्रों द्वारा इस परंपरा को निभाया जा रहा है। निशान पदयात्रा बगड़, घोड़ीवारा, बलारा, मुकुंदगढ़, लक्ष्मण गढ़ होते हुए एक अप्रेल को निशान श्री राम दरबार सालासर में पहुंचेगा। अगले दिन दो अप्रेल को चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि हनुमान जन्मोत्सव पर सालासर के शिखर बंद पर निशान अर्पित किया जाएगा। इस मौके पर रमाकांत मिश्रा, सीताराम सूंघा, गंगाधर सैन, ओमप्रकाश शर्मा, नरोतम, श्रवण सैनी, सतवीर, कोमल सैन, प्रवीण मिश्रा, जतिन मिश्रा, पवन शर्मा व अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

## बाबा साहेब की जयंती 14 को, बैठक आयोजित

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू के अंबेडकर भवन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर प्रस्तावित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमर सिंह धीरज ने की। बैठक की शुरुआत में समाजसेवी एवं भामाशाह मोतीलाल टाक निवासी डाबड़ी के पुत्र सुरेंद्र के निधन पर उपस्थित सभी लोगों ने शोक व्यक्त किया। इसके बाद जयंती समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष अमर सिंह धीरज ने बताया कि बाबा साहेब की जयंती 14 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे अंबेडकर भवन में मनाई जाएगी। समारोह को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों से सहयोग करने का आह्वान किया गया। उन्होंने बताया कि इसी अवसर पर अंबेडकर भवन के निर्माण व विकास में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में संस्थापक महावीर प्रसाद सानेल, डॉ. सम्पत राम बारूपाल, कालूराम सेवड़ा, रामनिवास भूरिया, सुरेश बैरवा, कृष्ण कुमार सर्फ रामस्वरूप सिंह, ओंकारमल पूर्व सरपंच, दयाराम तांबोलिया, हवाई सिंह चांवड़िया, रामनिवास जिनोजलिया, धनश्याम आर्य, डॉ. भंवर लाल सर्फ, डीटीसी सीएमएचओए बनवारी लाल घोटड़, रमेश देव, तनसुख सानेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## लाडनूं में शिक्षा को नई दिशा, डीपीएस संस्थान का शुभारंभ




निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सुजला क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक नई पहल करते हुए डीपीएस कैरिअर कोचिंग संस्थान का शुभारंभ किया गया। स्थानीय छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय कोचिंग सुविधाएं शहर में ही उपलब्ध कराना उद्देश्य है, ताकि उन्हें सीकर और कोटा जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता न पड़े। संचालक कामरान बड़गुजर ने बताया कि संस्थान में जेईईए नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। इसके साथ ही फाउंडेशन क्लासेज भी शुरू की गई हैं, जिससे विद्यार्थी प्रारंभिक स्तर से ही मजबूत तैयारी कर सकें। उन्होंने बताया कि अब लाडनूं के छात्र-छात्राएं अपने परिवार के साथ रहते हुए ही उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनके करिअर को नई दिशा मिल सकेगी। इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी नियाज मोहम्मद, कामयमखानी समाज जिलाध्यक्ष शब्बीर खान चायनान, यूसुफखानए डॉ. सरताज खान, शहर काजी सैयद मोहम्मद मदनी, शेख मोहम्मद इशाक सनाबिली, हाफिज जावेद बल्खी, पूर्व वाईस चेयरमैन मुकेश खींची, इंसाफ खान, नौरतन मल रैगर, हुसैन खान, हरिकृष्ण शर्मा, मास्टर अख्तर हुसैन, सैयद अहमद अली, सैयद अकबर अली रिजवी, यूसुफ भाटी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सोमरा का जापान में अंतराष्ट्रीय शोधकर्ता में हुआ चयन

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मोई भारू हॉल खेतड़ी नगर निवासी रणसिंह सोमरा के पुत्र केविन सोमरा का जापान की इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टोक्यो में अंतर्राष्ट्रीय शोधकर्ता के रूप में चयन हुआ है। रणसिंह सोमरा ने बताया कि केविन सोमरा जापान साइंस एंड टेक्नोलोजी एजेंसी के इंडिया यंग साइंटस्ट्स ब्रेन सर्कुलेशन प्रोग्राम के अंतर्गत कार्य करेंगे। सोमरा का शोध उन्नत अपशिष्ट जल शोधन एवं उभरते प्रदुषणों पर केंद्रीत रहेगा। केविन सोमरा की मां संजू सोमरा राजस्थान पुलिस एकेडमी जयपुर में कार्यरत है। केविन सोमरा का इस उपलब्धी पर मोई भारू एवं केसीसी टाउशीप में खुशी का माहौल है। मनोज श्योराण, शमसेर चौधरी, आत्मेश नालपुरीया, मनोज अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अभीषेक, राजेंद्र, गिरधारी आदि ने केविन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राजू मंगोड़ीवाला बने रोटरी डिस्ट्रिक्ट जैम एंड ज्वैलरी कमेटी के चेयरमैन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3056 द्वारा ज्वेलरी उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित नाम एवं समाजसेवी राजू मंगोड़ी वाला को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए वर्ष 2026-27 के लिए डिस्ट्रिक्ट जैम एंड ज्वैलरी कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके द्वारा रत्न व्यवसाय एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन में दिए गए उत्कृष्ट योगदान और सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई है। डिस्ट्रिक्ट प्रांतपाल अरुण बगड़िया ने बताया कि राजू मंगोड़ी वाला लंबे समय से ज्वेलरी उद्योग के विकास, संगठनात्मक मजबूती एवं सामाजिक सरोकारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से कमेटी को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट लर्निंग फैसिलिटेटर एवं प्रख्यात रत्न व्यवसायी अजय काला सहित अनेक प्रमुख जौहरियों एवं उद्योग से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में ज्वैलरी इंडस्ट्री को नई ऊंचाइयां मिलेंगी तथा रोटरी के सेवा कार्यों को भी गति मिलेगी। राजू मंगोड़ी वाला की इस नियुक्ति को ज्वैलरी क्षेत्र में सम्मान और गौरव के रूप में देखा जा रहा हैए जिससे न केवल संगठन बल्कि पूरे उद्योग को लाभ मिलने की संभावना है।

## हनुमान जयंती पर रात्रि जागरण एक अप्रैल को

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** 2 अप्रेल को मनाए जाने वाले हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर नई जोत बालाजी मंदिर में एक अप्रैल को रात्रि जागरण होगा। पुजारी ओमदास ने बताया कि इस दौरान रात्रि को वृंदावन के प्रदीप शर्मा व पार्टी बाबा को भजनों से रिझाएंगे। इस मौके पर अनेक प्रकार की देवी देवताओं की मनमोहक झांकिया भी सजाई जाएंगी। अल सुबह की महा आरती के बाद बालाजी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। उधर गुवाड़ वाले बालाजी मंदिर में स्थानीय कलाकारों द्वारा बालाजी को भजनों से रिझाया जाएगा।

# होसमैक ने थॉट लीडरशिप समिट में 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने लिया भाग

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** एशिया की अग्रणी हॉस्पिटल प्लानिंग-डिजाइन और मैनेजमेंट कंसल्टेंसी होसमैक ने जयपुर में अपने प्रमुख थॉट लीडरशिप समिट के 7वें संस्करण का सफल आयोजन किया। इस वर्ष आयोजित समिट में लगभग 150 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें अस्पताल संचालक, सीएक्सओ, नीति निर्माता, हेल्थकेयर ऑपरेटर्स और उद्योग विशेषज्ञ शामिल थे। कार्यक्रम का विषय इमर्जिंग हेल्थकेयर मॉडल्स : इंडिया एंड बियॉन्ड रहा। स्थापना के बाद से यह समिट भारत के हेल्थकेयर सेक्टर के लिए एक महत्वपूर्ण ज्ञान-साझा मंच के रूप में विकसित हुआ है। वर्ष 2026 के संस्करण में हेल्थकेयर डिलीवरी, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनेजमेंट के बदलते स्वरूप पर चर्चा की गई, जिसमें स्केलेबल, प्रभावी और भविष्य के लिए तैयार हेल्थकेयर मॉडल्स की आवश्यकता पर जोर दिया गया। समिट में मुख्य वक्तव्य सत्र, पैनल चर्चाएं और संवाद सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 30 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों और हितधारकों ने भाग लेकर सेक्टर की चुनौतियों और अवसरों पर अपने विचार साझा किए। पूरे दिन चली चर्चाओं में हेल्थकेयर मॉडल्स के विकास, महानगरों से बाहर विस्तार, पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का अनुकूलन, पेपरलेस हॉस्पिटल सिस्टम की ओर बढ़ता रुझान, विलय एवं अधिग्रहण और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।

कुल 12 सत्रों और 25 वक्ताओं के माध्यम से छोटे शहरों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, क्लिनिकल आउटसोर्सिंग मॉडल्स, अस्पतालों के मूल्यांकन, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। समिट का एक प्रमुख आकर्षण कैंसर केयर पर श्वेत पत्र का विमोचन रहा, जिसने उद्योग में चल रही चर्चाओं को नई दिशा दी। समिट की सफलता पर होसमैक के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ विवेक देसाई ने कहा थॉट लीडरशिप समिट एक ऐसा मंच बन चुका है जो हेल्थकेयर सेक्टर के विभिन्न पक्षों को एक साथ लाता है। इस वर्ष की चर्चाओं ने यह स्पष्ट किया कि वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए नवाचार आधारित और टिकाऊ हेल्थकेयर मॉडल्स आवश्यक हैं। यहां हुए विचार-विमर्श भारत में हेल्थकेयर डिलीवरी के अगले चरण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस आयोजन में फोर्टिस हेल्थकेयर, मणिपाल हॉस्पिटल्स, टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन, पारस हेल्थ, किम्स हॉस्पिटल्स, एपेक्स हॉस्पिटल्स, स्टर्लिंग एक्यूरिस डायग्नोस्टिक्स, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी और नैटहेल्थ सहित कई प्रमुख संस्थानों ने भाग लिया। इसके अलावा 15 से अधिक साझेदार संगठनों और सहयोगी संस्थाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी व्यापक बनाया।

## सड़क हादसे में दो युवक हुए घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गांव हरासर पडिहारा के बीच मोटरसाइकिल बोलेरो की टक्कर मे दो युवक गंभीर घायल हो गए। हरासर से पडिहारा की ओर सड़क पर मोटरसाइकिल और बोलेरो की टक्कर मे गणेश उर्फ सूर्य प्रकाश 25 तथा मनोज मेघवाल 21, दोनों निवासी राजलदेसर गंभीर घायल हो गए। जिनको बोलेरो चालक सुजानगढ़ अस्पताल लेकर आये तथा टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, नवरतन बिजारणिया आदि ने इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया डॉ. रघुवीर तूनवाल, अमित आदि ने इलाज किया। दोनों की स्थिति गंभीर होने और परिजनों के दूर होने की वजह से श्याम स्वर्णकार तथा हुनताराम उनके साथ सीकर गए तथा भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। परिजनो के सीकर पहुँचने पर घायलों को संभलाकर स्वर्णकार वापस लौटे। सालासर पुलिस मामले की जांच करेगी।

## दिव्यांग बहनों ने स्पोर्ट्स चैंपियन में कमाया नाम

निसं




**लाडनूं ( नवयत्न )।** 27 वीं राष्ट्रीय डीफ सीनियर स्पोर्ट्स चेम्पीयनशिप चंडीगढ़ (पंजाब) में 25 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता में लाडनूं क्षेत्र के गाँव मनु की दो बेटीयों ने तहसील एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। एसीबीईओ कल्याण सिंह ने बताया कि दीपा कंवर जो कि राउमावि हुडास में अध्यापक के पद पर कार्यरत है। जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लॉन टेनिस खेल मिक्स डबल में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। यह इनका लगातार दूसरा मेडल है। पिछले वर्ष भी अहमदाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में भी सिल्वर मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया था। वहीं नूतन कंवर जो कि राउप्रावि देवगढ़, पाँचवा कुचामन में अध्यापक के पद पर कार्यरत है ने सिंगल लॉन टेनिस एकल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता चौथा स्थान प्राप्त कर नाम कमाया है। नूतन एवं दीपा कंवर दोनों सगी बहने हैं तथा दोनों श्रवण बाधित दिव्यांग है।

## ओडीओपी नीति-2024 से मुरारी प्रजापत के उत्पादों को मिला डिजीटल मार्केट

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहा है। स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और क्षेत्रीय विशेषताओं को एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रदेश सरकार की एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 वरदान साबित हो रही है। इस नीति से सीमित संसाधनों के साथ शुरू हुआ एक छोटा सा फर्नीचर व्यवसाय आज डिजिटल बाजार में अपनी पहचान बना रहा है। यह सफलता की कहानी है चूरू जिले के मुरारी प्रजापत की, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर अपने फर्नीचर व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मुरारी प्रजापत बताते हैं कि उन्होंने करीब दो वर्ष पूर्व लकड़ी फर्नीचर विनिर्माण का कार्य प्रारंभ किया। प्रारंभिक चरण में उन्हें अपने उत्पादों के विपणन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिससे उनके व्यवसाय का विस्तार सीमित रहा। उनका वुडन फर्नीचर निर्माण कार्य शुरुआती दौर में बाजार और ग्राहकों तक पहुंच के अभाव में संघर्ष कर रहा था। विपणन की कमी के कारण उत्पादों की बिक्री अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पा रही थी। मुरारी बताते हैं कि फिर उन्हें जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के माध्यम से राज्य सरकार की ओडीओपी नीति अंतर्गत उपलब्ध प्रावधानों की जानकारी मिली। इस पर मुरारी प्रजापत ने योजना का लाभ लेते हुए अपनी इकाई के लिए वेबसाइट विकसित करवाई। वेबसाइट निर्माण के उपरांत उन्हें वेबसाइट डेवलपमेंट फीस पुनर्भरण योजना के अंतर्गत 75 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ने के बाद उनके उत्पादों की पहुंच व्यापक हुई और अब उन्हें ऑनलाइन माध्यम से नियमित ऑर्डर प्राप्त हो रहे हैं। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हुई है बल्कि उनका उद्यम निरंतर विस्तार की ओर अग्रसर है। मुरारी प्रजापत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहते हैं कि ओडीओपी नीति से उनके उद्यम को पहचान मिली है और डिजीटल मार्केटिंग से उन्हें अब अपने उत्पादों के विक्रय में भी काफी सहयोग मिल रहा है। वह कहते हैं कि प्रदेश सरकार के उद्यमियों को सहयोग के प्रयास सराहनीय हैं और निरंतर प्रदेश उद्यम क्षेत्र में उन्नति कर रहा है।

## पद्मश्री रिकी केज ने किया तालछापर अभ्यारण्य का अवलोकन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध संगीतकार और तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता एवं पद्मश्री रिकी केज तालछापर कृष्ण मृग अभयारण्य पहुंचे। राजस्थान की मिट्टी और अपने पूर्वजों की जड़ों से गहरा जुड़ाव रखने वाले केज यहां की प्राकृतिक सुंदरता और काले हिरणों के संरक्षण के प्रयासों को देख भावविभोर हो गए। पद्मश्री रिकी केज ने बताया कि उनके पिता चूरू में पैदा हुए थे, इसलिए वे जब भी राजस्थान आते हैंए उन्हें अपनी जड़ों की ओर लौटने जैसा महसूस होता है।

उन्होंने कहा कि उनका सारा संगीत प्रकृति से प्रेरित है। तालछापर के घास के मैदान और यहां का शांत वातावरण उनके अगले संगीत प्रोजेक्ट्स में निश्चित तौर पर सुनाई देगा। यूएनसीसीडी के गुडविल एंबेसडर के रूप में उन्होंने जोर दिया कि काले हिरण जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों का संरक्षण मानव जाति के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। इस दौरान सहायक वन संरक्षक क्रांति सिंह एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी व पक्षी विशेषज्ञ उमेश बागोतिया ने काले हिरणों, देशी एवं विदेशी पक्षियों, रेप्टाइल्स और दुर्लभ वनस्पतियों के बारे में जानकारी दी। भारत सरकार द्वारा 2025 में रिकी केज को पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था। उन्हें 2023 में संयुक्त राष्ट्र सद्भावना राजदूत भी बनाया गया। केज ने 13944 आदिवासी बच्चों द्वारा भारतीय राष्ट्र गान गायन की रिकॉर्डिंग का रिकॉर्ड भी बनाया है, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है। इस दौरान अभय जैन, सिंगर श्रद्धा गणेश, राकेश कठोतिया, राज सुराना, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग घायल



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गनोडा गांव की रोही में बुजुर्ग को मधुमखियो ने हमला कर किया गंभीर घायल कर दिया। रविवार सुबह खेत में बकरिया चरा रहे सोहन राम पुत्र डालूराम मेघवाल उम्र 70 वर्ष निवासी गनोडा को खेत मे मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। जिसका बगड़िया अस्पताल में उपचार किया गया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य ने बुजुर्ग के चेहरे, सिर हाथ पैर और पूरे शरीर से 250-300 से ज्यादा डंक निकाले। डॉ. रघुवीर तूनवाल, अमित आदि ने इलाज किया।

## सबलानिया बने अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** डॉ अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी शाखा तारानगर की बैठक रविवार को अम्बेडकर भवन में हुई। बैठक में शाखा के जिला अध्यक्ष श्रवण चिरानीया, मोहनलाल अर्जुन व जिला कोषाध्यक्ष रामावतार पिपरालिया के नेतृत्व में तारानगर शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में नंदलाल सबलानिया को अध्यक्ष, ओम प्रकाश कड़ैला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रेवंतराम सान्डेला, विजय शंकर जिंदल, राजेंद्र डगला, गोविंद राम, भूपसिंह छापवाल उपाध्यक्ष, सुरेश जोईया सचिव, मुंशीलाल मेहरा,, ग्यारसीलाल, विनोद मेहरा, हरपाल सिंह, बलवंत सिंहमार, लिखमाराम नायक संयुक्त सचिव, ओम प्रकाश लुगरिया, एड सतीश कुमार सांसी, ओमप्रकाश गिवारिया, भंवरलाल भामरा, भानीराम मेघवाल, मास्टर प्रताप मेघवाल संगठन सचिव, प्रताप कालिया कोषाध्यक्ष एवं जेठाराम पटीर, ओम प्रकाश कलिया, महेंद्र महीच, सुनील खींची, लक्ष्मी नारायण फांडन, राजेंद्र जोईया, जुगलाल बरवड़, बनवारीलाल मेहरा, राम बामणिया, पवन, कन्हैयालाल चायल, हेतराम चनान्नीया, काशीराम फांडन को विशेष सदस्य मनोनीत किया गया।

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के निकटवर्ती झोरड़ा में स्व. रामकरण राम जाखड़ की तीसरी पुण्यतिथि पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। आयोजक गोपालराम भीयाराम जाखड़ ने बताया कि श्रीमदभागवत सात दिवसीय कथा में व्यासपीठ पर कथावाचक बड़ा रामद्वारा सुरसागर जोधपुर के अमृतराम महाराज ने कथा का वाचन किया। उन्होंने युवाओं से नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने की अपील करते हुए नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। अन्तिम दिन कथा के दौरान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता के प्रसंग भी सुनाए। इस बीच राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र किलक भी पहुंचे। जिनका महाराज अमृतराम ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान किलक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गौमाता की सेवा करने से बड़ा पुण्य कोई नही है। उन्होंने कहा कि पिता की स्मृति में गौमाता के लिये किया गया यह कार्य अनुकरणीय है। वही किलक ने भी रक्तदान करके कहा कि रक्तदान महादान है, आपका दिया गया रक्त किसी दूसरे की जिंदगी बचाने में सहायक होता है। भीयाराम जाखड़ ने बताया कि रक्तदान शिविर में 500 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआए जिसमें पचास से ज्यादा महिलाएं शामिल रहीं।

## ऊंट के हमले से मालिक घायल



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बुगाला गांव में रविवार को एक अप्रत्याशित घटना में ऊंट के हमले से मालिक भालू खां गंभीर रूप से घायल हो गया। हवलदार शीशराम बुगालिया ने बताया कि भालू खां मियां अपने खेत से गेंहू की बोरियां घर आने के लिए अपना ऊंट गाड़ा जोड़ रहे थे तभी अचानक ऊंट ने उन पर हमला कर दिया तथा कान व गर्दन के पास से काट कर घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने तुरंत घायल भालू खां को झुंझुनू के एक निजी अस्पताल लेजाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ऊंट का व्यवहार अचानक आक्रामक हो गया था, जिससे यह हादसा हुआ।

## भजन एवं फागोत्सव ने बांधा समां

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नारी शक्ति एवं सामाजिक नेतृत्व को समर्पित समारोह ऑरा-द पावर ऑफशी इस बार भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत.प्रोत वातावरण में आयोजित हुआ। सेवा कुंज फाउंडेशन, नव्यान फाउंडेशन और शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति रस ने विशेष आकर्षण का केंद्र बना। समारोह का शुभारंभ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौरय विधायक, सिविल लाइंस, गोपाल शर्माय बीजेपी प्रदेश मंत्री, एकता अग्रवालय चीफ पैट्रन, सेवा कुंज फाउंडेशन, ममता शर्माय वाइस प्रेसिडेंट, अर्चना पुरोहित, प्रेसिडेंट, शुभा गुप्ताय प्रेसिडेंट, नव्यान फाउंडेशन, ममता शर्माय सेक्रेटरी, राजा यादवय अप्लव सक्सेनाय रविंद्र सिंह एवं बसंत जैन द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर ममता शर्मा एवं अर्चना पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 50 महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में पद्मश्री गुलाबो सपेरा, नीरू यादव, शबाना डागर, माया टंडन, सुरुचि गोस्वामी, ऋचा शर्मा, सीमा शर्मा, रुति चुग, सुनीता मीणा सहित कई प्रतिष्ठित नाम शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन मदन मोहन मंदिर के भक्तों मदन मोहन प्रभु, राधा कांत प्रभु, राधा रमण प्रभु, जगमोहन दास प्रभु एवं जगन्नाथ दास प्रभु द्वारा प्रस्तुत भजन जैमिंग और फागोत्सव के साथ हुआ। जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया और उपस्थित सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध।

आयोजन को सफल बनाने में महात्मा गांधी हॉस्पिटल सहित नरेश जोशी, मोहित शर्मा, यूसुफ खान, दीप्ति सैनी, अथर्वा एवं विजय का विशेष सहयोग रहा। इस भव्य आयोजन ने भक्ति, सम्मान और प्रेरणा-तीनों भावों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, जो लंबे समय तक उपस्थित जनसमूह के मन में अपनी छाप छोड़ गया।

## पेड़ पर लटकता मिला बुजुर्ग का शव

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव बडाबर की रोही में बुजुर्ग का शव फंदे से लटका मिला है। मृतक जीवन राम पुत्र कानाराम मेघवाल उम्र 75 वर्ष निवासी बडाबर ने खेत मे रोहिडा के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ मौके पर पहुंची तथा शव को सुजानगढ़ अस्पताल लाकर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की सहायता से मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## सम्पादकीय

# खतरे में ट्रंप की साख

## युद्ध से निकलने का खोज रहे मौका



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के बिजली और ऊर्जा ठिकानों को तबाह करने की धमकी देने के बाद पहले जिस तरह पांच दिन तक इन ठिकानों पर हमले टालने की घोषणा की और अब कहा कि कुछ और दिन की मोहलत दे रहे हैं, उससे यही लगता है कि वे समझौते के मूड में आ गए हैं।

हालांकि रह-रहकर वे ईरान को धमकाते भी हैं, पर उन्होंने जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए भी समयसीमा बढ़ा दी, उससे यही लगता है कि वे किसी तरह इस युद्ध से निकलना चाह रहे हैं। उनके ऐसे संकेतों के बाद भी यह कहना कठिन है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध थम जाएगा।

इसका कारण यह है कि ईरान बिना इस भरोसे अपने कदम पीछे खींचने के लिए तैयार नहीं कि उस पर फिर हमला नहीं किया जाएगा। जिस तरह ईरान अमेरिका की युद्ध विराम संबंधी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हो सकता, वैसे ही अमेरिका और इजरायल के लिए भी उसकी शर्तें मानना संभव नहीं।


वास्तव में इसी कारण युद्ध थमता नहीं दिख रहा है। जहां इजरायल ईरान को निशाना बनाने में लगा हुआ है, वहीं ईरान उस पर हमले करने के साथ ही अपने पड़ोसी देशों पर मिसाइलें दाग रहा है। यह स्वाभाविक ही है कि इससे इन देशों का धैर्य जवाब दे रहा है। ये देश इसलिए अधिक परेशान हैं कि ईरान उनके नागरिक और ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बना रहा है। यदि खाड़ी के देशों ने ईरान पर जवाबी हमले करने शुरू किए तो युद्ध एक नए मोड़ पर पहुंच जाएगा। नि:संदेह ऐसा न तो ट्रंप चाहेंगे और न ही विश्व के अन्य देश, क्योंकि ऊर्जा संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी चपेट में भारत समेत अन्य एशियाई देश ही नहीं, यूरोप और अमेरिका भी आ गए हैं।

इस ऊर्जा संकट के लिए प्रत्यक्ष रूप से तो ईरान जिम्मेदार है, जिसने होर्मुज जल मार्ग बाधित कर रखा है, पर परोक्ष जिम्मेदार अमेरिका ही है, जिसने बिना कुछ सोचे-समझे इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। ईरान ने अपनी जवाबी कार्रवाई से न केवल अमेरिका-इजरायल को तंग किया है, बल्कि पड़ोसी देशों को भी। यदि ईरान और अधिक समय तक जवाबी कार्रवाई करने में समर्थ बना रहता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति को अपना रुख और नरम करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। इस स्थिति में उनका प्रभाव कम ही होगा- न केवल अमेरिका में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी। ध्यान रहे कि विश्वव्यापी ऊर्जा संकट के लिए वही जिम्मेदार माने जा रहे हैं और घरेलू स्तर पर भी उनका विरोध बढ़ रहा है। ईरान युद्ध के पहले उन्होंने जिस तरह वेनेजुएला पर हमला किया और अपनी मनमानी टैरिफ नीति से अपने मित्र देशों समेत दुनिया भर को तंग किया, उसके चलते उनकी विश्वसनीयता और साख पहले ही कम हो चुकी है।

## विशेष आलेख

# विश्व को संकट में डालने वाला युद्ध

## उद्योग-धंधों के बंद होने का सिलसिला होगा तेज



यदि पश्चिम एशिया संकट के चलते ऊर्जा संकट कायम रहा तो दुनिया भर में उद्योग-धंधों के बंद होने का सिलसिला तेज होने के साथ लोगों की परेशानी अत्यधिक बढ़ जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच पिछले लगभग एक माह से जारी युद्ध को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रोकने की कोशिश करते तो दिख रहे हैं, लेकिन वे इसमें सफल होते नहीं नजर आ रहे हैं। इसका कारण उनका विरोधाभासी और अविश्वसनीय रवैया है। वे ईरान को धमका भी रहे हैं और उसे युद्ध विराम की पेशकश भी कर रहे हैं।

उन्होंने ईरान से बातचीत का हवाला देते हुए पहले उसके बिजली और ऊर्जा ठिकानों पर पांच दिनों तक हमले टालने की घोषणा की, फिर इस अवधि को और आगे बढ़ा दिया। इस बीच उन्होंने ईरान के समक्ष जो 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव रखा, उसके जवाब में उसने भी अपनी पांच शर्तें रख दीं। 15 सूत्रीय प्रस्ताव और पांच शर्तों के चलते दोनों पक्षों के बीच किसी सार्थक बातचीत के आसार कम ही हैं, क्योंकि दोनों के बीच भरोसे का अभाव है। समस्या यह भी है कि ट्रंप की किसी बात का भरोसा नहीं। ईरान ने यह समझ लिया है कि वह समुद्री मार्ग होर्मुज पर अपना दबदबा बनाए रखकर और उसे बाधित कर अमेरिका को झुका सकता है, क्योंकि इस मार्ग के बंद होने से उपजा ऊर्जा संकट विश्वव्यापी रूप ले चुका है। अमेरिका की मानें तो वह कई मध्यस्थों के जरिये ईरान से बात कर रहा है। इन मध्यस्थों में मिस्र, तुर्किए के साथ पाकिस्तान का भी नाम है। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पाकिस्तान अमेरिका के लिए उपयोगी है। अमेरिका उसके जरिये ईरान में दखल देने की स्थिति में है। एक समय अमेरिका ने पाकिस्तान के सहारे ही अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप किया था। माना जाता है कि ईरान को निशाने पर लेने की रणनीति के कारण ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ाई थी।

जो भी हो, पाकिस्तान भले ही परमाणु हथियारों से संपन्न एक मात्र इस्लामी देश होने के कारण अपने को मुस्लिम देशों के बीच विशिष्ट समझता हो, लेकिन उसकी अंतरराष्ट्रीय साख चौपट है और वह बिल्कुल भी विश्वसनीय देश नहीं, इसीलिए वह अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कर सकने की स्थिति में नहीं। खुद उसके विदेश मंत्री कह रहे हैं कि पाकिस्तान दोनों देशों के बीच केवल संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है। ऐसा करते हुए वह अमेरिका से अपने स्वार्थ सिद्ध करने की कोशिश करे तो हैरानी नहीं। वह अपने फायदे के लिए खुद का इस्तेमाल करने और दोस्ती के नाम पर धोखा देने में माहिर है। इसीलिए भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने उसे दलाल देश की संज्ञा दी। यह एक सही संज्ञा है।

ट्रंप ईरान को लेकर तरह-तरह के बयान देने के साथ ऐसे संकेत भी दे रहे हैं कि वे इस युद्ध को रोकना चाह रहे हैं। उनके ऐसे संकेतों का असर शेयर मार्केट में देखने को मिल रहा है, लेकिन यह कहना कठिन है कि युद्ध खत्म होने के करीब है, क्योंकि ईरान और इजरायल के हमले जारी हैं। होर्मुज मार्ग भी खुलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। इस युद्ध को लेकर अनिश्चितता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री से वार्ता की। कहना कठिन है कि इस वार्ता में क्या बात हुई। जो भी हो, भारत यह चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट जल्द खुले, ताकि ऊर्जा संकट खत्म हो। भारत अपनी ओर से अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता की पेशकश कर सकता है, लेकिन शायद वह फिलहाल इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है कि उसके जहाज होर्मुज से निकलते रहें और ईरान से संबंध सामान्य बने रहें।

अमेरिका और ईरान के बीच कोई सार्थक बात हो या नहीं, इस युद्ध का रुकना आवश्यक है, क्योंकि पश्चिम एशिया में छाए संकट के कारण पैदा ऊर्जा संकट पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। यदि युद्ध के चलते अगले कुछ दिनों में ऊर्जा संकट में कमी नहीं आई तो उद्योगों के बंद होने का सिलसिला तेज होने के साथ दुनिया भर में लोगों की परेशानी अत्यधिक बढ़ जाएगी।

अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में आश्चर्यजनक रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अब तक जो भूमिका रही है, वह एक असहाय संगठन की सी रही है। सुरक्षा परिषद एक निष्क्रिय और निष्प्रभावी संस्था बनकर रह गई है। वह विश्व के किसी भी संकट को सुलझा पाने में नाकाम है। सुरक्षा परिषद के पांच देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन हैं। चीन को इस युद्ध से कोई खास नुकसान नहीं। वह अमेरिका को परेशान होता देख प्रसन्न है। रूस तो एक तरह से फायदे में है, क्योंकि उसे तेल बेचने की छूट मिल गई है। अमेरिका अपने अहं से ग्रस्त है। चूंकि ब्रिटेन एवं फ्रांस की अंतरराष्ट्रीय अहमियत कम हो गई है, इसलिए वे कुछ करने की स्थिति में नहीं।

यह देखने में आ रहा है कि जब भी सुरक्षा परिषद के सदस्यों में से कोई देश किसी युद्ध में शामिल हो जाता है तो यह संस्था और नाकाम हो जाती है। यूक्रेन युद्ध में भी वह नाकाम रही, क्योंकि हमला रूस ने किया। ईरान युद्ध में अमेरिका के कारण सुरक्षा परिषद असहाय है, इसे सभी प्रमुख देश महसूस कर रहे हैं, लेकिन वे सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए सक्रियता नहीं दिखा रहे हैं। यदि सुरक्षा परिषद वैश्विक संकटों को हल करने में इसी तरह नाकाम बनी रही तो इसका महत्व पूरी तरह खत्म हो जाएगा। सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य इस संस्था में सुधार की जरूरत तो जताते हैं, लेकिन कुछ ठोस करते नहीं।

इन स्थितियों में यह आवश्यक हो जाता है कि भारत सुरक्षा परिषद में ऐसे किसी सुधार की पैरवी करे कि उसके काम करने के तरीके बदलें और युद्ध में शामिल स्थायी सदस्य देश अपने वीटो पावर का इस्तेमाल न कर सकें। आज जब भारत का अंतरराष्ट्रीय कद बढ़ रहा है, तब उसे अपनी सक्रियता बढ़ानी चाहिए और सुरक्षा परिषद में विस्तार एवं सुधार के अपने प्रयासों को गति देनी चाहिए। भारत की सक्रियता ऐसी होनी चाहिए कि प्रमुख राष्ट्र इस पर विचार करने के लिए बाध्य हो जाएं कि आखिर भारत इस संस्था का सदस्य क्यों नहीं है? बेहतर हो कि भारत को इस संस्था का सदस्य बनाने के लिए रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस सक्रियता दिखाएं। यह उनके अपने हित में होगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# कलाई और उंगलियों में दर्द हो सकता है हाथों में गठिया का संकेत, इसके लक्षण और बचाव



आमतौर पर जब हमारी कलाई में दर्द होता है, तो इसे हम चोट लगने से या फिर कंप्यूटर पर देर तक काम करने से जोड़ते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कलाई में दर्द, सूजन या स्टिफनेस कोई आम समस्या नहीं है। यह कई बार रिस्ट अर्थराइटिस के लक्षण हो सकते हैं। विशेषज्ञों की मानें, तो रूमेटाइड अर्थराइटिस और ऑस्टियोआर्थराइटिस भी रिस्क की जोड़ में दर्द या सूजन पैदा कर सकती है।

**रिस्ट अर्थराइटिस क्या है :** उंगली में अर्थराटिस होने के कारण उंगलियों को मोड़ने में तकलीफ होने लगती है। उंगलियों में सूजन हो जाती है, जिससे धीरे-धीरे दर्द बढ़ने लगता है। इसी तरह, कलाई में सूजन और दर्द भी रिस्ट अर्थराइटिस होने की ओर इशारा करता है।

### रिस्ट अर्थराइटिस के प्रकार

**ऑस्टियोअर्थराइटिस :** यह बीमारी आमतौर पर बुजुर्ग लोगों को होती है। कुछ लोगों को कीनबॉक्स नाम का डिजीज होता है, जो कि कलाई में ब्लड सप्लाई को बाधित करता है। नतीजतन व्यक्ति को ऑस्टियोअर्थराइटिस हो जाता है।

**पोस्ट ट्रॉमेटिक अर्थराइटिस :** इस तरह की बीमारी हड्डियों के टूटने या लिगामेंट इंजुरी के कारण होता है। पोस्ट ट्रॉमेटिक अर्थराटिस होने के कारण कलाई की दोनों ओर दर्द होता है। इस तरह की बीमारी चोट लगने के सालों बाद भी हो सकती है।

**रूमेटाइड अर्थराइटिस :** रूमेटाइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है। यह अक्सर ज्वाइंट्स जैसे कलाई से शुय होती है। इस बीमारी के होने पर भी व्यक्ति की कलाई के दोनों साइड दर्द होने ल गता है। यह मूल रूप से इम्यून से जुड़ी बीमारी है। बीमारी के तहत इम्यूनि सिस्टम हेल्दी सेल्स को क्षति पहुंचाता है।

**सोरियाटिक अर्थराइटिस :** सोरायसिस एक तरह की स्किन संबंधी बीमारी है। विशेषज्ञों की मानें, तो सोरायसिस से पीड़ित लोगों को अक्सर सोरियाटिक अर्थराइटिस हो जाता है, जिससे उनके ज्वाइंट्स और रिस्ट यानी कलाई में दर्द शुरू हो जाता है।



**गाउट :** गाउट तब होता है जब ब्लड में बहुत ज्यादा यूरिक एसिड बनने लगता है। यूरिक एसिड, एक प्रकार का टॉक्सिन होता है, जो भोजन पचाने के दौरान बनता है। जब शरीर में अतिरिक्त एसिड बनने लगता है, तो इससे जोड़ां में दर्द और उंगलियों में तकलीफ बढ़ जाती है।

### रिस्ट अर्थराइटिस के लक्षण

- उंगलियों और कलाई को हिलाने में दिक्कत होने लगती है।
- उंगलियां या कलाई लाल, गर्म होने के साथ-साथ सूजन हो जाती है।
- कलाई स्टिफ हो जाती है, जिससे हिलाने में दिक्कत होने लगती है।
- कलाई-हाथ में कमजोरी महसूस होने लगती है।

### रिस्ट अर्थराइटिस से बचाव

आपको बता दें कि रिस्ट अर्थराटिस से कोई विशेष बचाव नहीं किया जा सकता है। अगर यह बीमारी एक बार होने लगे, तो यह इसे रोकना मुश्किल है। हालांकि, विशेषज्ञों के दिखाने पर वे सप्लीमेंट या अन्य चीजें खाने के लिए दे सकते हैं। हालांकि, इससे बचे रहने के लिए जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल को हेल्दी रखें और डाइट में अच्छी चीजें शामिल करें।

# होठों को गुलाबी बनाने में मदद करेगा जोजोबा ऑयल, इस तरह से करें इस्तेमाल

होंठ आपकी खूबसूरती को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन, कई बार होठों की देखभाल न करने से उनमें कालापन हो सकता है। होठों की समस्याओं को दूर करने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। इन प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से होठों पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। दरअसल, इन प्रोडक्ट में मौजूद कैमिकल होठों की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

होठों को गुलाबी बनाने के लिए आप घरेलू उपायों की मदद ले सकते हैं। जोजोबा ऑयल स्किन की समस्या को दूर करने के साथ ही आपके होठों को गुलाबी और खूबसूरत बना सकते हैं।

**मॉइस्चराइज करें :** सूखे व फटे होंठ लोगों की परेशानी का एक आम कारण है। जोजोबा ऑयल त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज करता है। होठों का रुखापन और पपड़ी बनने की समस्या से बचने के लिए आप जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**नेचुरल रूप से होठों का कालापन करें दूर :** जोजोबा ऑयल में प्राकृतिक रूप से त्वचा के रंग को हल्का करता है। जिससे होठों पर पिगमेंटेशन की समस्या दूर होती है। जोजोबा ऑयल के नियमित उपयोग से काले होंठों को धीरे-धीरे हल्का किया जा सकता है, जिससे होठों में प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाया जा सकता है।

**होठों को करें एक्सफोलिएट :** होठों की देखभाल न करने से डेड सेल्स होठों की स्किन को डैमेज कर देते हैं। इससे होंठ सूखने लगते हैं। इसके अलावा, इसमें कालापन बनने लगता है। जोजोबा ऑयल से आप स्किन को एक्सफोलिएट कर सकते हैं। इससे आपकी होठों के डेड सेल्स दूर होते हैं और उसका कलर रंग गुलाबी बनता है।

# टमाटर को स्टोर करने के लिए अपनाएं यह तरीके

इन दिनों टमाटर बहुत महंगे दर पर मिल रहे हैं। कई लोगों ने शायद अपनी डाइट से टमाटर को बाहर ही निकाल दिया है। लेकिन, यह बात हम सभी जानते हैं टमाटर के बिना सब्जी में स्वाद नहीं आता है और न ही इससे मिलने वाले पोषक तत्व ही हमें मिल पाते हैं। इसलिए, जरूरी है कि टमाटर को अपनी डाइट में बनाए रखा जाए। सवाल है, आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? क्यांकि ज्यादा मात्रा में टमाटर खरीदने के कारण, वे खराब हो सकते हैं और सड़ सकते हैं। नतीजतन, खराब टमाटकरों को फेंकना पड़ सकता है। तो फिर क्या किया जाए? इसके लिए, आप टमाटर को स्टोर करने के लिए सही तरीकों को आजमा सकते हैं।

**टमाटर को फ्रीजर में रखें :** टमाटर को लंबे समय के लिए स्टोर करने का सबसे आसान और बेहतरीन तरीका है कि आप इसे फ्रीजर में रखें। हालांकि, जब आप लंबे समय के लिए टमाटर को स्टोर करते हैं, तो उसके ऊपर के हिस्से को कांटकर फेंक देना चाहिए।



इसके अलावा, अगर आप साबुत टमाटर फ्रीज में नहीं रखना चाहते हैं, तो इसके लिए टमाटर को दस मिनट के लिए पानी में उबाल लें। हल्का ठंडा होने पर टमाटर के छिलके निकाल दें और अब इसकी प्यूरी बना लें। इस प्यूरी को आप चाहें, तो फ्रीजर में रख सकते हैं। यह लगभग सप्ताह भर तक फ्रेश रह सकता है।

**टमाटर को धूप में सुखाएं :** शायद आपको हैरानी हो कि टमाटर को आप धूप में सुखाकर भी लंबे समय के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। विशेषज्ञों की मानें, तो टमाटर को डिहाइड्रेट करके आप इसे स्टोर करके रख सकते हैं। इसके लिए, आप सबसे पहले टमाटर को धोकर दो हिस्सों में काट लें और ऊपर से नमक छिड़क लें। अब एक से दो सप्ताह के लिए धूप में रख दें। लेकिन, रात के समय टमाटर को घर के अंदर ही रखें वरना इसमें नमी आ सकती है। पूरी तरह सूख जाने के बाद आप इनको एक कंटेनर में डाल दें। इस तरह से स्टोर्ड टमाटर को आप सलाद, पास्ता आदि में डालकर खा सकते हैं।

**टमाटर का पाउडर बना लें :** आप टमाटर को पाउडर बनाकर भी अपने घर में लंबे समय तक के लिए स्टोर कर सकते हैं। इस प्रोसेस को फॉलो करने के लिए जरूरी है कि आप टमाटर को अच्छी तरह धोकर, बारीक टुकड़ों में काटकर धूप में सुखा लें। एक-दो सप्ताह बाद जब टमाटर सूख जाएं, तो इन्हें कुछ देर के लिए बेक करें। बेक तब तक करें, जब तक कि टमाटर सख्त न हो जाएं। सख्त हुए टमाटरों को पीसकर पाउडर बना लें।

## आज का राशिफल

### मेष

आज शारीरिक ताजगी का आप में अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है। संतान के विषय में चिंता सताएगी। दोपहर के बाद भी स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी।

### वृष

आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक योजनाओं को ठीक तरह से पूरा कर सकेंगे।

### मिथुन

सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। दूसरों के साथ बातचीत करने में विशेष ध्यान रखें। व्यापार में कोई मुश्किल हो सकती है।

### कर्क

प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा। व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। सहकर्मियों का सहयोग मिलने के बाद आनंद दोगुना हो जाएगा।

### सिंह

भाग्य का सहकार कम ही मिलेगा। अधिकारी से विवाद ना करें। संतान के विषय में चिंता रहेगी आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

### कन्या

व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। बौद्धिक चर्चा में अपने टेलेंट को बता पाएंगे।

### तुला

आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्य जीवन में सुख और आनंद मिलेगा। दोपहर के बाद परिजनों के साथ किसी कारणवश कोई कन्फ्यूजन हो सकता है।

### वृश्चिक

आपको मेहनत का उचित परिणाम नहीं मिलने से निराशा होगी। आपका मन किसी एक निश्चित निर्णय लेने की स्थिति नहीं रहेगा। कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

### धनु

आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मन दुख होने से घर का वातावरण दूषित होगा। धन का खर्च अधिक होगा।

### मकर

आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। परिवार में सुख शांति रहेगी। पिता से किसी तरह का आर्थिक लाभ मिल सकता है। सामाजिक जीवन में भी आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### कुंभ

नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्य वृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े कामकाज में सावधानी बरतें।

### मीन

निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। विरोधियों को पराजित कर पाएंगे।

# वादाखिलाफी के आरोप में करणी सेना सड़कों पर

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने रविवार को जयपुर में प्रदर्शन कर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। संगठन ने हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने, एनआईए से निष्पक्ष जांच कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोश जताया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि दिसंबर 2023 में जयपुर के श्याम नगर क्षेत्र में दिनदहाड़े घर में घुसकर गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में नवीन सिंह और निजी सुरक्षा कर्मी अजीत सिंह की भी मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे देश में राजपूत समाज सहित सर्व समाज में आक्रोश व्याप्त था। उस समय सरकार और समाज के प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता के बाद समाज ने विश्वास जताते हुए शांति बनाए रखी, लेकिन लंबे समय बाद भी कई प्रमुख मांगें अधूरी हैं। प्रदर्शन के दौरान अजीत सिंह की पत्नी रेनू कंवर ने कहा कि घटना को करीब ढाई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक दोषियों को सजा नहीं मिली है। उन्होंने हत्यारों को फांसी देने के साथ ही सरकार द्वारा किए गए वादों-सरकारी नौकरी, सुरक्षा और मुआवजा-को पूरा करने की मांग की। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष उजागर सिंह डाबला ने आरोप लगाया कि सरकार उनकी प्रमुख मांगों से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि गोगामेड़ी की पत्नी शीला शेखावत की सुरक्षा बढ़ाई जाए, अजीत सिंह की पत्नी को सरकारी नौकरी व मुआवजा दिया जाए और एसआईटी का गठन किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमले की आशंका को लेकर पहले ही चेतावनी दी गई थी, बावजूद इसके सुरक्षा नहीं बढ़ाई गई। करणी सेना ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार के समक्ष मांगों में कहा कि इस मामले में एसआईटी का गठन हो, शीला शेखावत की सुरक्षा बढ़ाना, चैन सिंह को पुनः सुरक्षा देना, अजीत सिंह की पत्नी को सुरक्षा प्रदान करना, अजीत सिंह की पत्नी को फर्स्ट ग्रेड टीचर के पद पर नियुक्ति देना, उचित मुआवजा प्रदान करना और प्रदेश अध्यक्ष को सुरक्षा उपलब्ध कराना सहित प्रमुख मांगें रखी। संगठन ने स्पष्ट किया कि समाज अब तक सरकार के आश्वासनों पर कायम रहा है, लेकिन अब ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। साथ ही चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा और जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री का घेराव भी किया जाएगा।

# पांच दिवसीय चैत्र मेले का शुभारंभ 1 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हिंद-सिंध के महान संत युगपुरुष ब्रह्मनिष्ठ आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊराम महाराज द्वारा निर्मित आस्था भक्ति का अनूठा अद्भुत संगम प्रकाशीयो का पांच दिवसीय महाकुंभ चैत्र मेला 1 अप्रैल बुधवार से प्रारंभ होगा और जिसका समापन पांच अप्रैल शनिवार को किया जाएगा। पावन तीर्थ श्री अमरापुर स्थान में परम पूज्य गुरुदेव सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज के पावन सानिध्य में श्रद्धा भक्ति उल्लास के साथ पांच दिवसीय चैत्र मेला मनाया जाएगा। 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः 6 से 7 विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो पोलोविक्ट्री से सिंधी कैम्प बस स्टैंड, वनस्थली मार्ग, संसार चंद्र रोड से होते हुए पुनः श्री अमरापुर स्थान पहुंचेगी। जिसके तत्पश्चात सुबह 7 से 10 बजे तक नित्य नियम प्रार्थना संत महात्माओं, गुरुदेव के मुखरबिंद से भजन सत्संग का भव्य आयोजन होगा। जिसके पश्चात 10 से 11 बजे तक हवन, यज्ञ, अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद 60 फिट ऊंचे शिखर पर प्रेम प्रकाशी ध्वजा फहराई जाएगी। सायं काल 3 से 9 बजे तक भजन सत्संग आरती एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पंच दिवसीय उत्सव के अंतर्गत गुरुवार, शुक्रवार को प्रातः 7 से 11 एवं सायं काल 3 से 9 बजे तक भजन संकीर्तन आरती एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 4 अप्रैल शनिवार को प्रातः काल 7 से 11 बजे तक भजन सत्संग के पश्चात पंच दिवसीय ग्रंथ गीता के पाठों का भोग परायण होगा। इसी बीच अनेक धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। रविवार 5 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजे से संत महात्माओं द्वारा सत्संग आशीर्वचन के पश्चात 7 बजे पूज्य श्री स्वामी भगत प्रकाश महाराज के सानिध्य में विश्व शांति पल्लव प्रार्थना के साथ उत्सव का समापन किया जाएगा। साथ ही 5100 सौ तुलसी पौधा वितरण किए जाएंगे। चैत्र मेले उत्सव से एक दिन पूर्व 31 मार्च को आचार्य श्री सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के परम शिष्य अवधूत स्वामी गुरमुख दास महाराज के पंच दिवसीय वरसी उत्सव का समापन विशाल ब्रह्म भोज के साथ होगा। उत्सव के उपलक्ष में लाखों की संख्या में देश विदेश से संत महात्माओं का आगमन होगा।

# श्रीश्याम दरबार का वार्षिक महोत्सव 1 अप्रैल से
## सजेगी भजनों की महफिल

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के प्रिंस पब्लिक स्कूल के पास स्थित श्रीश्याम दरबार में आगामी 1 व 2 अप्रैल को 19वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। बांके बिहारी मित्र मंडल एवं समस्त श्याम प्रेमियों द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं।

### भजन संध्या और निशान पूजन

कार्यक्रम की शुरुआत एक अप्रैल को निशान पूजन के साथ होगी। शाम 7:15 बजे विधि-विधान से निशान पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात रात्रि 10 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें गायक कलाकार गजानंद एंड पार्टी द्वारा बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। यह भजन प्रवाह प्रभु इच्छा तक निरंतर जारी रहेगा।

### निशान शोभायात्रा और सवामणी प्रसाद

महोत्सव के दूसरे दिन 2 अप्रैल को दोपहर 3:15 बजे निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु निशान थामे बाबा के जयकारों के साथ शामिल होंगे। आयोजन के समापन पर शाम 7:15 बजे से सवामणी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजक मंडल के संतकुमार सैनी ने बताया कि महोत्सव को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है और सभी श्याम प्रेमियों को इस आयोजन में शामिल होने का सादर निमंत्रण दिया गया है।

# ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के राजस्थान खिलाड़ियों का चयन 15 अप्रैल से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग सीजन-1 नॉर्थ जोन के लिए राजस्थान के खिलाड़ियों के लिए 15 अप्रैल 2026 से चयन शुरू होगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के चेयरमैन सोमनाथ गाबा, आयोजक रवि कुमार गाबा एवं हरिपुर यमुना नगर के विनय कंबोज ने बताया कि इस लीग का आयोजन 16 जून से 21 जून के बीच समाना बाहु कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। जिसमें राजस्थान सहित हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजकों का उद्देश्य इस लीग को नॉर्थ जोन की एक प्रमुख टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में स्थापित करना है। लीग के पोस्टर और जर्सी का अनावरण करने के बाद आकाश चोपड़ा ने खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए तथा लीग के शुभारंभ की घोषणा की। उनकी उपस्थिति से इस कार्यक्रम का उत्साह और भी बढ़ गया और युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली। आयोजकों का कहना है कि इस लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच मिलेगा तथा खेल के प्रति युवाओं में उत्साह को भी बढ़ावा मिलेगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के माध्यम से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। चीफगेस्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि किसी खिलाड़ी मे अगर हुनर है तो उसे एक मंच मिलेगा। आजकल टेनिस क्रिकेट को लेकर जैसा क्रेज और पैशन लोगों में पाया जा रहा है वो किसी से छुपा नहीं है। ऐसे मे ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग का आयोजन बहुत से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सपना पूरा करने वाला है।

# सीतसर बालाजी धाम में तीन दिवसीय विशाल मेला, रात्रि जागरण व भंडारा 31 से

शिव आनन्द शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सीतसर स्थित बालाजी धाम में 31 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जाएगा। श्री 1008 सावंलराम महाराज की कृपा तथा महंत पुष्करलाल पारीक के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विशाल मेला, रात्रि जागरण एवं भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन के दौरान विशेष विद्युत सजावट के साथ श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी, वहीं संगीतामय अमृतवाणी पाठ भी किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु पूरी रात भक्ति रस में सराबोर रहेंगे। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए छप्पन भोग महाआरती और भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम के संयोजक महंत पुष्करलाल पारीक ने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन में आसपास के गांवों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# कामदा एकादशी : विष्णु-लक्ष्मी पूजा के साथ हुए भजन कीर्तन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र शुक्ल पक्ष में एकादशी कामदा के नाम से जानी जाती है। इस अवसर पर शहर के प्रमुख आराध्य गोविंददेवजी मंदिर सहित श्री विष्णु हरि के मंदिरों में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुयों ने इस मौके पर व्रत रखा और दिनभर भक्ति में लीन रहें। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेंद्र मिश्रा के अनुसार एकादशी तिथि 28 मार्च, शनिवार सुबह 8:45 बजे शुरू होकर 29 मार्च सुबह 7:46 बजे तक रही। उदयात तिथि के आधार पर रविवार को भक्तों ने व्रत-पूजन किया गया। वहीं फलदा एकादशी के रूप में भी प्रसिद्ध इस व्रत का उल्लेख विष्णु पुराण में मिलता है। मान्यता है कि इससे पापों का क्षय होता है और पारिवारिक कष्ट दूर होते हैं। एकादशी पर व्रतियों ने एक समय सात्विक भोजन लेकर अगले दिन व्रत का संकल्प लिया। इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा में फ्लए फूलए तिलए दूध और पंचामृत अर्पित किए गए। इस मौके पर शहरवासियों की आस्था के प्रमुख गोविंददेवजी मंदिर, गोनेर के श्री लक्ष्मी-जगदीश मंदिर, राधा गोपीनाथ जी, आनंदकृष्ण बिहारी, लाडलीजी मंदिर रामगंज सहित सभी वैष्णव मंदिरों में दर्शनार्थियों का सैलाब उमड़ा और भगवान के दर्शन कर सुख-समद्धि की कामना की।



# भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक पर निकलेगी विशाल शोभायात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकरए विश्व वन्दनीय, पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर में राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में मुख्य आयोजन होगें । जहां शोभायात्रा में भगवान महावीर के जीवन चरित्र को दर्शाती ज्ञान वर्धक एवं संदेशात्मक झांकियां होगी, वही पहली बार 24 तीर्थंकरों के स्वर्णिम आभा युक्त 24 रथ पर विराजमान होंगे। रामलीला मैदान में आयोजित धर्म सभा में पहली बार 24 पाण्डुक शिलाओं पर भगवान आदिनाथ से भगवान महावीर तक 24 तीर्थंकरों के अभिषेक के समय एक साथ 2625 चंवर ढुराकर कीर्तिमान बनाएंगे। सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि प्रातःसाढ़े 6 बजे मनिहारों का रास्ता स्थित महावीर पार्क से मुख्य परामर्शक भानू छाबड़ा एवं मुख्य संयोजक अनिल छाबड़ा के निर्देशन में रामलीला मैदान के लिए विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएंगी। शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक ज्ञान वर्धक तथा संदेशात्मक झांकियां शामिल होगी। जिनमें भगवान महावीर के जीवन चरित्र को दर्शाया जावेगा। कई सामाजिक दृश्यों को दर्शाते हुए भी झांकियां सजाई जाएंगी। मुख्य संयोजक अनिल छाबड़ा ने बताया कि शोभायात्रा में पहली बार 24 तीर्थंकरों के स्वर्ण जडित 24 रथ शामिल होगे जिनके साथ स्थानीय समाज के श्रद्धालु नाचते गाते शामिल होंगे। सबसे पहले भगवान आदिनाथ का रथ तथा अंत में भगवान महावीर स्वर्ण जडित रथ में विराजमान होकर शोभायात्रा में चलेगे। शोभायात्रा चौडा रास्ता, त्रिपालिया बाजार, बड़ी चौपड, जौहरी बाजार, बापू बाजार,न्यू गेट होते हुए प्रातः साढ़े 9 बजे रामलीला मैदान पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हो जाएगी। शोभायात्रा के लिए जिनेन्द्र जैन जीतू, मनीष सोगानी, प्रिया बडजात्या एवं पूनम चांदवाड़ को संयोजक बनाया गया है। धर्म सभा में समाजश्रेष्ठी विवेक-आशा काला झण्डारोहण करेंगे। दीप प्रज्जवलन समाज श्रेष्ठी सुरेश-ललिता सबलावत करेगें।

# हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ कल

**सीकर ( नवयत्न )।** श्री देवीपुरा बालाजी मंदिर में होने वाले श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखलाओं के शुभारंभ कार्यक्रम की शुरूआत 31 मार्च को महमंदिर रोड स्थित तोदी हाइट्स से होगी। यह जानकारी देते हुये आयोजक कमल तन्मय तोदी ने बताया कि जन्मोत्सव पर संत श्री धर्मदास जी महाराज सूरत, मोती नाथ जी महाराज काछवा, मुक्तिनाथ जी महाराज मीरण , ध्याननाथ जी महाराज, नागवा सहित संतों के पावन सानिध्य में किया जायेगा। इस अवसर पर श्री देवीपुरा बालाजी महाराज का दिव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार एवं दिव्य ज्योति के समक्ष संकीर्तन, भजन एवं संतों के प्रवचन होगें। 1 अप्रैल को सुबह आयोजन स्थल से भव्य निशान पदयात्रा गाजे बाजे व लवाजमे के साथ शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई श्री देवीपुरा बालाजी मंदिर पहुंच कर भक्त जन निशान अर्पित कर मनौतियां मांग कर बालाजी के दर्शन कर-तार्थ होंगे।

# केवी स्कूल में प्रथम कक्षा पंजीकरण करवाने की अंतिम तिथि दो अप्रैल

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केवी स्कूल में कक्षा प्रथम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रांरभ हो गए है जिनकी अंतिम तिथि दो अप्रेल तक है। प्राचार्य केएल मीणा ने बताया कि कक्षा एक में 80 सीटों के प्रवेश आवेदन के लिए बीस मार्च से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं, जिनकी अंतिम तिथि दो अप्रैल है। उन्होंने बताया कि अभिभावकों को कक्षा एक में प्रवेश के लिए स्कूल के लिंक पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 2 से कक्षा 9 तक में रिक्त स्थान होने की स्थिति में ऑफलाइन प्रवेश फार्म विद्यालय में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक भरे जायेंगे।

# गुरु कृपा श्याम मंदिर में भजन संध्या और भंडारा आयोजित

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पिलानी रोड पर पटवार घर के पीछे स्थित गुरू कृपा श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव के तहत भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने गुरुकृपा श्याम मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जिसके बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर चले भंडारे में समिति के कार्यकर्ता जुटे रहे। इस दौरान बाबा श्याम के दरबार को फूलों से सजाया गया। वहीं पांडाल में भी बाबा श्याम की झांकी सजाई गई। दर्शनों को श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्त सांवरमल सैनी के सानिध्य में आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान आयोजन समिति के गोपाल, विजय पंवार, श्यामलाल, मुकेश यादव, बनवारीलाल, चंद्रसिंह, दिनेश बाछुका, सूरजमल, विनोदए उमेश, सत्यवीर, मनोज, दिनेश, संदीप, लक्ष्मीनारायण, रामचंद्र, प्रभातीलाल, संदीप टेलर, पिंकी, जयप्रकाश, रोहिताश्व, सुभाष, डॉ. शंभू पंवार, अनिता सैनी, पूजा वर्मा, सुमिता देवी, मंजू देवी,कमलेश सहित सदस्य व अन्य कार्यकर्ताओं ने सेवाएं दी।


### भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

महोत्सव के तहत शनिवार रात को भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बाबा श्याम का दरबार मथुरा, वृंदावन से मंगवा, गए फूलों से सजाया गया। मंडल कार्यकर्ताओं सहित श्रद्धालुओं ने बाबा की ज्योत ली। भजन संध्या में गणेश राजस्थानी, बेबी खुशबू मेहंदीपुर और विजेंद्र माधोगढ़िया ने भजनों की प्रस्तुति दी और भगवान को रिझाने का प्रयास किया।

# बीदासर निवासी महिला की लाडनूं पुलिस थाने में शिकायत

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय पुलिस थाने में बीदासर निवासी एक महिला और उसके पुत्र की शिकायत की गई है। थानाधिकारी शिंभू दयाल मीणा ने बताया कि पुरानी ऊन मील के पास स्थित मकान में घुसकर गंदी गाली गलौच करने और घर के सीढ़ियों पर लगे कांच के टॉवर पर पत्थर फेंककर शीशे तोड़ने की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत में बताया गया कि परवीना बानो पत्नी मोहम्मद नदीम भुट्टा निवासी दो मस्जिद के पास बीदासर अपने भाई इलियास पुत्र मोहम्मद इशाक के घर पीहर लाडनूं आई हुई थी। जो झगड़ालू प्रवृति की महिला है। मोहल्ले में बच्चों की मामूली कहासुनी होने पर अपने पुत्र नूरान के साथ पड़ोसियों के घर में घुसकर गंदी गालियां निकाली और घर की सीढ़ियों पर बने कांच के टॉवर पर लगे शीशे पर पत्थर फेंककर शीशा तोड़ दिया। घटना के बाद घर में चारों तरफ पत्थर और कांच के टुकड़े बिखर गए। इस मामले में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** ददरेवा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का गरिमामय आयोजन हुआ। प्रशिक्षण में 65 बूथों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए भाजपा नेता महावीर पूनिया, मंडल अध्यक्ष हरिसिंह व मंडल संयोजक भीम राठौड़ ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन आदर्शों को आत्मसात कर हमें राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने तथा एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाते हुए संघर्ष नहीं बल्कि सहयोग की भावना से आगे बढ़ने का आह्वान किया। राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में हम सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

# उपनिरीक्षक दूरसंचार भर्ती
## 9 अप्रैल से शुरू होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित उप निरीक्षक दूरसंचार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। लिखित परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन आगामी 9 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक राजस्थान पुलिस अकादमी पानीपेच, जयपुर में किया जाना प्रस्तावित है। भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के उप महानिरीक्षक पुलिस मनोज कुमार ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शीघ्र ही जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से इन्हें ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे। एडमिट कार्ड के साथ अभ्यर्थियों को अपना एक फोटोयुक्त मूल पहचान दस्तावेज लेकर नियत तिथि और समय पर बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे महानिदेशक पुलिस, राजस्थान के स्थाई आदेश संख्या 10/2025 में निर्धारित पाठ्यक्रम और मापदंडों के अनुसार अपनी शारीरिक तैयारी पुख्ता रखें। शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों पर खरा उतरना अनिवार्य होगा।

# एसआई भर्ती परीक्षा 5-6 अप्रैल को, 7.70 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा
# 41 शहरों में बनाए 1 हजार 174 केंद्र परीक्षा केंद्र

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में उप-निरीक्षक एसआई भर्ती परीक्षा 2026 को लेकर सरकार और प्रशासन ने कमर कस ली है। 5 और 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में करीब 7.70 लाख अभ्यर्थी भाग्य आजमाएंगे। परीक्षा को पारदर्शी और नकल विहीन बनाने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं।

### 41 शहरों में 1174 केंद्र, सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा

आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा राज्य के 41 शहरों के 1174 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में आने वाले सभी साइबर कैफे और ई-मित्र केंद्र परीक्षा अवधि के दौरान पूरी तरह बंद रहेंगे। केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने पर सख्त पाबंदी होगी।

### नकल रोकने के लिए हाईटेक इंतजाम

अभ्यर्थियों की सटीक पहचान के लिए इस बार बहु.स्तरीय सुरक्षा जांच होगी। साथ ही क्यूआर कोड युक्त प्रवेश पत्र, प्रवेश द्वार पर ही कोड स्कैन कर पहचान सत्यापित की जाएगी। वहीं प्रत्येक केंद्र पर पूरी परीक्षा प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में सक्रिय उड़नदस्ते लगातार केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। और संदिग्ध व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि डमी अभ्यर्थियों को रोका जा सके।

### प्रश्न पत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

आयोग के सदस्य हेमंत प्रियदर्शिनी ने स्पष्ट किया कि पुराने अनुभवों से सीख लेते हुए इस बार सुरक्षा मानकों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। प्रश्न पत्रों के सुरक्षित भंडारण, परिवहन और वितरण के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को समयबद्ध समन्वय के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसकी योजना पूरी गंभीरता के साथ बनाई गई है। पर्यवेक्षी अधिकारियों का चयन भी विशेष मापदंडों के आधार पर किया गया है ताकि व्यवस्था चाक-चौबंद रहे।

### अधिकारियों को सख्त हिदायत

संभागीय आयुक्तों, जिला कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयं केंद्रों की निगरानी करें। किसी भी स्तर पर शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।



# गर्मियों में दिल्ली के पास घूमने के लिए बेस्ट है हरियाणा के ये हिल स्टेशन

हरियाणा एक ऐसा राज्य है जो समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का दावा करता है। इस राज्य का इतिहास वैदिक काल का है और हिंदू पौराणिक कथाओं में भी इसका उल्लेख है। यह वह भूमि थी जिसे वेद व्यास ने महाकाव्य महाभारत लिखने के लिए चुना था। हरियाणा भारत में सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक है। इसकी सीमा पूर्व में उत्तर प्रदेश, पश्चिम में पंजाब, दक्षिण में राजस्थान और पूर्व में हिमाचल प्रदेश से लगती है। यह राज्य भारत की राजधानी दिल्ली के भी करीब है। यही वजह है कि दिल्ली के नजदीक वीकेंड गेटवे के रूप में हरियाणा बहुत लोकप्रिय है।



## मोरनी हिल्स

मोरनी हिल्स, हरियाणा में पंचकुला के बाहरी इलाके में स्थित एक हिल स्टेशन है। हरियाणा में एकमात्र हिल स्टेशन होने के कारण, यह स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। समुद्री तल से 1,220 मीटर ऊंचाई पर स्थित यह हिल स्टेशन बेहद शांत है। एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल होने के अलावा, मोरनी हिल्स एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल भी है जहां ठाकुर द्वार मंदिर में 7वीं शताब्दी की नक्काशी पाई गई है। यह हिल स्टेशन ट्रेकिंग और बर्डवॉचिंग के शौक़ीन लोगों के लिए भी एक बेहतरीन जगह है। यहां देखे जाने वाले लोकप्रिय पक्षियों में वॉलक्रीपर, क्रेस्टेड किंगफिशर, बार-टेल्ड ट्रीक्रीपर, ब्लू पीफॉवल, कलिज फिजेंट, रेड जंगलफॉवल, ग्रे फ्रेंकोलिन, क्वेल्स, हिमालयन बुलबुल और ओरिएंटल टर्टल डव शामिल हैं।

## सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य

दिल्ली से एक आदर्श वीकेंड गेटवे, सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य विशेष रूप से प्रकृति प्रेमियों और पक्षी उत्साही लोगों के लिए एक शानदार गंतव्य है। यह कई प्रवासी पक्षियों का घर है और विशेष रूप से सर्दियों के दौरान विभिन्न प्रजातियों को देखने के लिए एक आदर्श स्थान है। सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य दिल्ली में धौला-कुआं से 40 किलोमीटर की दूरी पर गुड़गांव-फारुख नगर रोड पर स्थित है। पीक सीजन यानी सितंबर और सर्दियों के दौरान यहां पक्षियों की आश्चर्यजनक 250 प्रजातियां रहती हैं।

सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य को हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया है और यह बड़ी संख्या में निवासी और प्रवासी पक्षियों का घर है। प्रवासी पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां यूरोप, साइबेरिया और मध्य एशिया के विभिन्न हिस्सों से अविश्वसनीय दूरी तय करने के बाद यहां झुंड में आती हैं।

## कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र, दिल्ली से 170 किमी उत्तर में स्थित है और यह वही स्थान है जहाँ महाभारत का युद्ध हुआ था। कहा जाता है कि यही वह स्थान है जहां भगवान कृष्ण ने अर्जुन को भगवद गीता का पाठ किया था। यही वजह है कि कुरुक्षेत्र को हरयाणा का एक पवित्र स्थल माना जाता है। कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण संग्रहालय, ज्योतिसर, गुरुद्वारा, धरोहर हरियाणा संग्रहालय और पैनोरमा जैसे कई पर्यटक स्थल हैं। इन प्राचीन स्थलों को देखने के लिए पर्यटक यहाँ एक या दो दिन बिता सकते हैं। कुरुक्षेत्र में कई प्रसिद्ध मंदिर भी हैं जिनमें बिड़ला मंदिर, भद्रकाली मंदिर और कई अन्य शामिल हैं।



## दमदमा झील

दमदमा झील गुरुग्राम-अलवर रोड से दूर गुरुग्राम से 24 किमी दक्षिण में एक खूबसूरत झील है। इस झील को 1947 में अंग्रेजों ने वर्षा जल संचयन के लिए कमीशन किया था। हालाँकि, वर्तमान में दमदमा झील को जो चीज आकर्षक बनाती है, वह यह है कि यह देशी और प्रवासी पक्षियों की 190 से अधिक प्रजातियों का घर है। दमदमा झील, हरियाणा की सबसे बड़ी झील है और लगभग तीन हजार एकड़ में फैली हुई है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच यह पिकनिक के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। दमदमा झील में कई रिसॉर्ट भी हैं जो झील पर एडवेंचर स्पोर्ट्स और पैडल बोटिंग की पेशकश करते हैं। रॉक क्लाइंबिंग के शौकीन अरावली पहाड़ियों में अपने कौशल का आनंद ले सकते हैं।



## कालेसर राष्ट्रीय उद्यान

कालेसर राष्ट्रीय उद्यान, हरियाणा के यमुना नगर में एक संरक्षित क्षेत्र है। 53 किमी वर्ग में फैला यह राष्ट्रीय उद्यान प्रकृति के प्रति उत्साही और वन्यजीव प्रेमियों के लिए आदर्श है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और अद्भुत वनस्पतियों और जीवों के कारण, यह उद्यान एक आदर्श पर्यटक और पिकनिक स्थान भी है। बर्डवॉचिंग के शौकी लोगों के बीच भी यह स्थान लोप्रिय है। यहाँ आप तेंदुओं को आसानी से देख सकते हैं।

## पिंजौर गार्डन

हरियाणा में स्थित बहरत के सबसे अच्छे उद्यानों में से एक है। समुद्र तल से 600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पिंजौर गार्डन, कई खूबसूरत फूलों और फव्वारों का वास है। पिंजौर गार्डन के आसपास भीम देवी मंदिर और मुगल उद्यान जैसे कई आकर्षण भी हैं।



# उत्तराखंड के ये गांव शहर को भी छोड़ देते हैं पीछे, खूबसूरती ऐसी कि हर किसी का कर जाए बसने का मन

उत्तराखंड जो कि एक पहाड़ी राज्य है, न केवल हिल स्टेशनों के लिए जान जाता है, बल्कि अपने अनोखे, लुभावने और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध गांवों की वजह से भी प्रसिद्ध है। आप में से कई लोग ऐसे होंगे जिन्हें लोकप्रिय जगहों पर घूमने के बजाए, ऑफबीट जगहों पर घूमना सबसे ज्यादा पसंद होता है। कुछ तो ऐसे भी होंगे, जिन्हें गांवों की संस्कृति बेहद अच्छी लगती होगी। अगर आप भी इन गर्मियों में किसी ऑफबीट जगह पर घूमना चाहते हैं, तो इस बार उत्तराखंड के इन गांवों में जा सकते हैं।

**माणा गांव :** उत्तराखंड में भारत-चीन सीमा पर बसा आखिरी गांव माणा किसी स्वर्ग से कम नहीं है। भारत में प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनाथ से कुछ ही दूरी पर मौजूद, माणा 3219 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यहां की हरियाली इस कदर खूबसूरत लगती है कि देखने वाला भी मंत्रमुग्ध हो जाता है। ये गांव चारों तरफ ऊंची-ऊंची पहाड़ियों से घिरा हुआ है, साथ ही यहां की हरियाली आंखों को सुकून पहुंचाती है। यहां छोटे-छोटे डिजाइन किए गए कॉटेज हैं, जहां रहने में तो आनंद आता ही है, लेकिन आसपास की आलू और राजमा की खेती यहां रहने का मजा दो गुना कर देगी। माणा ट्रैकिंग और कई झरनों, प्राकृतिक पुलों और गर्म झरनों से भी घिरा हुआ है।

**खती :** कुमाऊं क्षेत्र में पिंडारी और कफनी ग्लेशियर के पास आखिरी बसा हुआ गांव खती एक सीढ़ीदार डिजानिंग वाला गांव है। इस खूबसूरत गांव की कहानी भी पांडवों से जुड़ी हुआ है, जो स्वर्ग की ओर जाते हुए इस गांव से गुजरे थे। ऐसा कहा जाता है कि स्थानीय लोगों ने न केवल पांच पांडवों को रहने के लिए घर दिया था, बल्कि उनका खूब ख्याल भी रखा था। यहां के छोटे लेकिन आकर्षक पत्थर के घर आपका दिल जीत लेंगे।



**कलाप :** शहरी शोर-शराबे से दूर, उत्तराखंड का कलाप, यहां आने वाले यात्री को बसने पर मजबूर कर देता है। ट्रैकिंग के लिए भी ये जगह काफी अच्छी है। ऊपरी गढ़वाल क्षेत्र में 2286 मीटर ऊंचे इस गांव तक पहुंचने के लिए ट्रेकिंग करनी पड़ती है। कलाप की ओर जाने वाली सड़कें काफी रोमांचकारी हैं। यहां पहुंचने के लिए देहरादून के पास नेतवार गांव से चार घंटे का ट्रेक करना पड़ता है। ट्रेक चुनौतीपूर्ण है लेकिन आपको देवदार और देवदार के पेड़ों से भरे मंत्रमुग्ध कर देने वाले जंगल बेहद पसंद आएंगे।


**मुनस्यारी :** पिथौरागढ़ जिले का यह गांव 2200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और पांच बर्फ से ढके पहाड़ों से घिरा हुआ है, जिसे पंचचुली चोटियों के नाम से भी जाना जाता है। गांव तीन प्रसिद्ध हिमनदों, रालम, मिलम और नाम के बेस से घिरा हुआ है, जो इसे ट्रेकिंग पसंद करने वालों के बीच काफी लोकप्रिय बनाता है। इसके अलावा मुनस्यारी बेहद खूबसूरत है; हिमालय पर्वत श्रृंखला और पंचचूली चोटियों से घिरा हुआ है, जिसमें नंदाकोट, नंदा देवी और राजारंभा शामिल हैं।

# पृथ्वी की ऐसी जादुई जगह, जहां होता है एक साथ समुद्र और रेगिस्तान का मिलन

अगर आपको समझ नहीं आ रहा है कि इस बार घूमने के लिए कौन सी जगह पर जाना चाहिए, जो देखने में भी अनोखी हो और पैसा वसूल भी हो, तो इस बार का प्लान बनाइए दुनिया की इन 5 यूनीक जगहों पर, जिन्हें देखने के बाद आप यहीं कहेंगे कि ऐसा कैसे हो सकता है। जी हां, दुनिया में 5 ऐसे स्थान हैं, जहां समुद्र का मिलन रेगिस्तान से होता है। आप भी ये जानने के बाद सोच में पड़ गए होंगे।

**अफ्रीका : सहारा रेगिस्तान मिलता है अटलांटिक महासागर से :** सहारा पश्चिम में अटलांटिक महासागर और पूर्व में लाल सागर से टच होता है। इस जगह के आसपास कुछ कसबे भी बसे हुए हैं। लाल और पीले रंग में रंगे, खूबसूरत छोटे घर इस जगह की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। अटलांटिक महासागर और एटलस पर्वत के बीच में सैकड़ों पुराने पत्थर के स्मारक भी हैं।

**ऑस्ट्रेलिया : ऑस्ट्रेलियाई रेगिस्तान यहां हिंद महासागर से मिलता है :** ये जगह भी आपको बेहद पसंद आएगी। ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ अपने तटीय शहरों के लिए जाना जाता है, जो चूना पत्थर की



चट्टानों से घिरा हुआ है। यहां भी रेगिस्तान और समुद्र का मिलन बेहद ही खूबसूरत लगता है। हिन्द महासागर के चमकीले नीले पानी के सामने दिखती चट्टानें एकदम अलग दिखती हैं। महासागर देश में कुछ बेहतरीन प्रवाल भित्तियों के लिए जाना जाता है। पूरा क्षेत्र आकर्षणों से घिरा हुआ है, जिसको एक्सप्लोर करना बेहद जरूरी है।

**चिली : अटाकामा रेगिस्तान यहां प्रशांत महासागर से मिलता है :** महासागर और रेगिस्तान यहां उत्तरी चिली के एंटोफ़गास्टा क्षेत्र में मिलते हैं। यह जगह कई नाइट्रेट माइनिंग टाउन से घिरी हुई है। यहां की लहरों से बनी पहाड़ियों और लंबे प्राचीन समुद्र तटों को देखकर आप सच में हैरान रह जाएंगे। चिली का नजारा कपल्स के लिए भी काफी रोमांटिक है। इस क्षेत्र में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक लॉस फ्लेमेंकोस नेशनल रिजर्व में चंद्रमा की घाटी है। यहां की रातें बिल्कुल मैजिकल लगती हैं।

**अंटार्कटिका : ध्रुवीय रेगिस्तान समुद्र से मिलता है :** हम आमतौर पर रेगिस्तान को गर्म और ड्राई शब्दों से जोड़ते हैं, लेकिन अंटार्कटिका का ध्रुवीय रेगिस्तान बेहद अलग है। यहां बेहद ठंड रहती है और हर जगह आपको बर्फ ही बर्फ दिखाई देगी। सुनकर आप भी हैरान हो गए होंगे कि रेगिस्तान वाली जगह पर ठंड कैसी, लेकिन ये सच है। एक बर्फीला रेगिस्तान, अंटार्कटिक ध्रुवीय रेगिस्तान पूरे महाद्वीप में फैला हुआ है। वहीं मैकमुर्डो ड्राई में, रेगिस्तान में बर्फ नहीं पड़ती, और अंटार्कटिका के समुद्र तट के चमकीले नीले पानी से मिल जाता है।

**अफ्रीका : नामीब मरुस्थल अटलांटिक महासागर से मिलता है :** यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, नामीब रेगिस्तान एक बेहद ही खूबसूरत जगह है। यहां की सुंदरता यही है कि नामीब मरूस्थल अटलांटिक महासागर से जाकर मिलता है। यहां की जनसंख्या ज्यादा नहीं है, क्योंकि इस तटीय क्षेत्र में केवल कुछ ही बस्तियां निवास करती हैं। इस क्षेत्र के कुछ प्रमुख आकर्षणों में डोरोब नेशनल पार्क और नामीब-नौक्लुफ्ट नेशनल पार्क शामिल हैं।

# इतिहास से रूबरू होना चाहते हैं, तो पश्चिम बंगाल की इन जगहों की करें यात्रा

इतिहास के पन्नों में पश्चिम बंगाल का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा है। साल 1912 तक देश की राजधानी थी। इसके बाद दिल्ली देश की राजधानी बनी। तत्कालीन समय में बंगाल को देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था। इस पावन धरती पर कई महापुरुष पैदा हुए, जिन्होंने दुनियाभर में देश का नाम रौशन किया। अगर आप इतिहास से रूबरू होना चाहते हैं, तो पश्चिम बंगाल की यात्रा कर सकते हैं। पश्चिम बंगाल में कई पर्टयन स्थल हैं। जहां, आप भारतीय इतिहास से रूबरू हो सकते हैं।

**शांतिनिकेतन और बोलपुर :** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित बोलपुर और शांतिनिकेतन की दूरी कोलकाता से 152 किलोमीटर है। साल 1921 में श्री रवींद्रनाथ ठाकुर ने बोलपुर में स्कूल की स्थापना का चयन किया था। इसके बाद बोलपुर में शांतिनिकेतन की स्थापना की गई। तत्कालीन समय में वृक्ष के नीचे शिक्षण कार्य होता था। वर्तमान समय में शांतिनिकेतन के प्रांगण में कई इमारतें बन गई हैं। आप शांतिनिकेतन में गुरुकुल की झलक पा सकते हैं। इतिहासकारों की मानें तो आजादी के पश्चात शांतिनिकेतन का विकास बड़ी तेजी से हुआ।

**दार्जलिंग :** समुद्रतल से इसकी ऊंचाई 2134 मीटर है। इस शहर की स्थापना अंग्रेजों ने अपनी सुख सुविधा के लिए की थी। उस समय अंग्रेज गर्मी के दिनों में छुट्टियां मनाने आते थे। वर्तमान समय में दार्जलिंग चाय के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है।

# मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग किसान की मौत

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** क्षेत्र के सालम का बास गांव में एक दर्दनाक हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग किसान रतन सिंह फोगाट की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यह हादसा शनिवार शाम उस वक्त हुआ जब वे अपने खेत में चने की फसल निकलवा रहे थे। मृतक के रिश्तेदार जोरावर सिंह ने बताया कि रतन सिंह खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। लगभग 15-20 मधुमक्खियों ने उनके चेहरे और गले पर बुरी तरह काट लिया, जिससे वे मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए चिड़ावा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रतन सिंह, स्व. एएसआई शेर सिंह फोगाट के पिता थे, जिनकी कुछ समय पहले एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। एक ही परिवार में हुए इस दूसरे बड़े हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# कला-संस्कृति और टेक्निकल कंपटीशन का इंटरकोलजिएट फेस्ट कल से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पोद्दार ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस की ओर से 31 मार्च से 4 अप्रैल तक नेशनल लेवल इंटर कॉलेज डिजाइनए कल्चरल एवं टेक्निकल महाफेस्ट का आयोजन होगा। 5 दिन चलने तक चलने वाले इस महाफेस्ट के पहले दो दिन संस्थान के मानसरोवर कैंपस में डिजाइन डिपार्टमेंट की ओर से कला संगम का आयोजन होगा। इसमें कला के विभिन्न आयामों से जुड़ी विभिन्न वर्कशॉप, टॉक शो, कॉम्पिटिशन, क्राफ्ट डिमॉन्स्ट्रेशन, वास्तु बोर्ड वर्कशॉप, ताराकशी समेत अन्य कलाओं के अनूठा संगम देखने को मिलेगा एवं डिजाइन डिस्प्ले होंगे। इसके बाद 2 एवं 3 अप्रैल को इंटरकॉलेजिएट फेस्ट मंथन में मानसरोवर कैंपस में एवं 4 अप्रैल को जगतपुरा कैंपस में आयोजन होंगे। इस दौरान सोलो सिंगिंग, रंगोली, फेस पेंटिंग, आई शॉर्ट फिल्म मेकिंग, एड मेनिया, ट्रेडिंग टाइटंस, क्ले मॉडलिंग, डाटा ड्रिलए ग्रुप डांस, रैंप वॉक, डीजे नाइट समेत विभिन्न कॉम्पिटिशन एवं कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से नामचीन हस्तियों से स्टूडेंट्स को रूबरू होने का मौका मिलेगा। आयोजन के दौरान कैश प्राइज भी स्टूडेंट्स को डिस्ट्रीब्यूट किए जाएंगे। आयोजन के दौरान देशभर से पांच दर्जन से अधिक यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज विभिन्न कंपीटीशन में हिस्सा लेंगे। पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने बताया कि हर साल इस फेस्ट मे देशभर से कॉलेज स्टूडेंट्स शामिल होते है, ये स्टूडेंट्स को उनके टैलेंट को मंच प्रदान करता है, जो उनके करियर में काफी उल्लेखनीय भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुनील कक्कड़, डॉक्टर रुचिर सक्सेना, डॉक्टर शिल्पी दामोर, स्वाती एवं सरगम पोद्दार एवं शिवा शर्मा करेंगे।

# भायला हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे धार्मिक आयोजन

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के भायला हनुमान मंदिर सनातन आश्रम पोद्दार पार्क में 2 अप्रैल को विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आश्रम प्रवक्ता गिरधर गोपाल महमिया एवं तेजप्रकाश सोनी ने बताया कि सुबह भायला हनुमानजी का विधि-विधान से श्रृंगार एवं पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात शाम साढ़े 4 बजे से मंदिर महंत पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी के सानिध्य में सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। सुंदरकांड पाठ के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। धार्मिक आयोजन के संयोजक सुरेन्द्र पारीक रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

# 12 लाख रूपये की सराफ स्कॉलरशिप का वितरण 2 को

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ अशोक सराफ द्वारा अपने पिता न्यायमूर्ति डॉ बीपी सराफएवं पुत्र शिवम सराफकी स्मृति में स्थापित स्कॉलरशिप के बारहवें एडिशन में पात्र विद्यार्थियों की घोषणा कर दी गई है। संस्था प्रधान उषा मिश्रा ने बताया कि श्री गांधी बाल निकेतन में 11वीं एवं 12वीं कक्षाओं में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों हेतु वर्ष 2014 से स्थापित इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप के अन्तर्गत इस वर्ष 72 विद्यार्थियों को कुल 12 लाख रूपये की स्कॉलरशिप, मेडल एवं सम्मान पत्र प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम प्रभारी प्रिंसिपल दीपिका शर्मा ने बताया कि आगामी गुरूवार, 2 अप्रैल को विद्यालय प्रांगण में आयोजित होने वाले इस समारोह में डॉ अशोक सराफ द्वारा इस साल वितरित किये जाने वाले 12 लाख रूपये की राशि को मिलाकर अब तक कुल 49 लाख रूपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा चुका होगा। यह राशि इस स्कॉलरशिप को अपने आप में अनूठी योजना बनाती है जो विभिन्न विद्यार्थियों को भविष्य की शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाती है।

# जिला स्तरीय कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा आज

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के अंतर्गत नियुक्त कार्मिकों के लिए जिला स्तरीय कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा का आयोजन 30 मार्च को किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ अजय कुमार आर्य ने बताया कि 31 दिसंबर 2022 से पूर्व नियुक्त तथा अनुकम्पा नियुक्ति के तीन वर्ष की अवधि के भीतर कार्यरत ऐसे कार्मिक (कनिष्ठ सहायक) जिन्होंने अभी तक कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उनके लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर आधारित टंकण गति परीक्षा 30 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से ग्रुपवार राजकीय पॉलोटेक्निक महाविद्यालय, आबूसर की कम्प्यूटर लैब में आयोजित होगी।

**‘मन की बात’ का 132वां संस्करण**

# ईंधन आवश्यकताओं के लिए उठाए गए जरूरी कदम, आमजन जागरूक रहें और अफवाहों के बहकावे में ना आएं : सीएम



जयपुर।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ‘मन की बात’ कार्यक्रम की ‘132वीं कड़ी’ में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ़ में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। मन की बात के इस संस्करण में प्रधानमंत्री ने सोलर पम्प से आए सकारात्मक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि जयपुर के किसान श्री मुरलीधर पहले खेती के लिए डीजल पम्प पर निर्भर थे, जो काफी महंगा पड़ता था। अब उन्होंने सोलर पम्प अपनाकर ईंधन की चिंता से मुक्ति पाई है और समय पर सिंचाई होने से उनकी सालाना आय भी बढ़ गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत एक दशक से अधिक समय में देश का सामर्थ्य बढ़ा है। फिलहाल मध्य पूर्व क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रम से उत्पन्न वैश्विक संकट के बीच देश की ईंधन आवश्यकताओं को सुरक्षित एवं संतुलित बनाने के लिए जरूरी कदम भी उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश मौजूदा परिस्थितियों का एकजुटता से मुकाबला कर रहा है। सभी आमजन जागरूक रहें और अफवाहों के बहकावे में ना आएं।

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले दिन से ही जनता की सेवा के संकल्प पर कार्य करना शुरू कर दिया था। अब तक पेश किए गए बजटों में गरीब, किसान, महिला और मजदूर सहित सभी वर्गों एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों को उनकी विभिन्न विकास सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि गत सरकार में युवाओं के हितों पर कुठाराघात हुआ, लेकिन हमने पेपरलीक पर लगाम लगाकर भर्ती परीक्षाओं को पूर्ण पारदर्शिता से आयोजित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाते हुए अब तक 1.25 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं। वहीं, 1.35 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। इसके साथ ही सरकार ने 1.25 लाख पदों पर भर्ती की घोषणा भी की है। हमारी सरकार का युवाओं को साफ संदेश है कि तैयारी करें, चिंता नहीं।

श्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए थे, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे लाखों युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वहीं, युवाओं को स्वरोजगार के लिए योजनाओं व युवा नीति के जरिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। इसी के तहत पीएम किसान सम्मान निधि, ब्याज मुक्त ऋण, गेहूं की एमएसपी खरीद पर 150 रुपये का बोनस दिया जा रहा है। साथ ही, राज्य सरकार सिंचाई के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर भी काम कर रही है। इस अवसर पर सांसद श्री राव राजेन्द्र सिंह, विधायक श्री महेंद्रपाल मीना, श्री कुलदीप धनकड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ने लिया चाय का स्वाद –**

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम से लौटते वक्त हीरावाला गांव में चाय की दुकान पर आमजन के साथ चाय पी तथा यूपीआई से भुगतान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों से खेती-किसानी को लेकर चर्चा की। श्री शर्मा ने वहां मौजूद छोटे बच्चों को दुलार करते हुए चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। इससे पहले मन की बात कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात ग्रामीण महिलाओं ने लोकगीत गाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने उनका उत्साहवर्धन किया।

# मारवाड़ में छुट्टियां मनाने पहुंचीं मलाइका

**पाली में नारलाई के आदिनाथ जैन मंदिर में किए दर्शन, फैंस के साथ खिंचवाई फोटो**

बाली।



फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा रविवार को राजस्थान के पाली जिले के नारलाई स्थित प्राचीन आदिनाथ जैन मंदिर में दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। लाइका के आने की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग उनकी एक झलक पाने और उनके साथ तस्वीरें लेने के लिए उत्सुक दिखे।

**मारवाड़ क्षेत्र में छुट्टियां मनाने आईं मलाइका**

जानकारी के अनुसार, मलाइका अरोड़ा इन दिनों मारवाड़ क्षेत्र में छुट्टियां मनाने आईं हैं। वो नारलाई के विरासत होटल रावला नारलाई में ठहरी हुई हैं। बताया जा रहा है कि वो यहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण का अनुभव कर रही हैं।

**प्राचीन और आध्यात्मिक स्थलों के लिए जाना जाता है नारलाई**

उल्लेखनीय है कि नारलाई एक धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। आदिनाथ जैन मंदिर के अलावा, यहां तपेश्वर महादेव मंदिर और जैकल नाथ महादेव मंदिर भी स्थित हैं। यह क्षेत्र लेपर्ड सफारी के लिए भी प्रसिद्ध है। इन आकर्षणों के कारण नारलाई में साल भर देश-विदेश से पर्यटक आते रहते हैं। मलाइका अरोड़ा के इस दौरे से क्षेत्र के टूरिज्म को और बढ़ावा मिलेगा।

# मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन का किया फ्लैग ऑफ

## युवा अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाएं और देश-प्रदेश के विकास में दें योगदान : सीएम शर्मा



जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तन और मन से स्वस्थ रहना सुखी जीवन का मूल आधार है। हमारा देश युवाओं का देश है और इसी युवा तरुणाई को सिंचित रखने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जब युवा बढ़ेगा तभी समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। ऐसे में युवा अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाएं और अपने उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए देश-प्रदेश के विकास में योगदान दें। श्री शर्मा रविवार को जयपुर के अजमेर रोड स्थित महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में द टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित हाफ मैराथन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए सरकारी और निजी नौकरियों के साथ स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर प्रदान कर राज्य सरकार ने सवा दो साल में उनका भविष्य सुरक्षित करने का कार्य किया है। श्री शर्मा ने आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में सरकार की योजनाएं और नीतियां युवाओं पर केंद्रीत हैं। युवा इनका स्वयं भी लाभ उठाएं और अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन का फ्लैग ऑफ करने के बाद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान द टाइम्स ऑफ इंडिया के डायरेक्टर श्री अनुराग अग्रवाल, महिन्द्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड के एमडी-सीईओ श्री अमित कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। मैराथन में लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

# पारिवारिक न्यायालय में काउंसलर के 02 रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जिला पारिवारिक न्यायालय में काउंसलर के रिक्त 02 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए है। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश ने बताया कि योग्य इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में फॉर्म भरकर 01 अप्रैल, 2026 तक पारिवारिक न्यायालय न्यायाधीश कार्यालय में सबमिट करवा सकते है। अभ्यर्थी चूरू जिला कोर्ट की वेबसाइट से निर्धारित प्रारूप डाउनलोड कर सकते है।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णतः वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

# बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्य आयोजना अधिकारी, सीकर अंजली सैनी ने बताया कि बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम की अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 30 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में आयोजित की जायेगी।

# जाकिर प्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

रघुवीर जोशी



**मंडावा ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर खेल प्रकोष्ठ में नियुक्ति की घोषणा करते हुए नूआ निवासी जाकिर झुनझुनूवाला को प्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए बताया कि यह यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। संगठन को उम्मीद है कि झुनझुनूवाला खेल जगत में पार्टी की सक्रियता बढ़ाएगे और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। जाकिर की नियुक्ति पर खेल जगत और कांग्रेस कार्यक्रताओ ने हर्ष व्यक्त किया है।

# भगवान महावीर के 2625 वे जन्म कल्याणक वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** भगवान महावीर के 2625 वे जन्म कल्याणक वर्ष पर जैन सोसाइटी ट्रस्ट द्वारा विभिन्न कार्यक्रम रखे गए । ट्रस्ट के महामंत्री डॉ. महेन्द्र संचेती ने बताया कि इस बार कार्यक्रम की श्रृंखला में महावीर जयंती की पूर्व संध्या 30 मार्च को भव्य भजन संध्या का आयोजन महावीर चौक में किया जाएगा जिसमे सूरत के प्रसिद्ध जैन भक्ति कलाकार नीलेश बाफना अपनी टीम सहित प्रस्तुति देंगे। और 31 मार्च को सुबह 10 बजे समाज के तपस्वी भाई बहिन जिन्होंने इस चातुर्मास में 15 या इससे ऊपर की तपस्या की व वर्षीतप किया उनका अभिनंदन किया जाएगा इसी के साथ समाज के उन बच्चो को समान्नित किया जाएगा जिन्होंने वर्ष 2025 में आरबीएसई व सीबीएसई दोनों बोर्ड में कक्षा 10 व 12 जी में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया हो या वर्ष 2025 में कोई प्रोफेसनल डिग्री की हो । 31 मार्च को महावीर जयंती पर सकल जैन समाज का भोजन प्रसाद रखा गया जिसमें सभी जैन परिवार आमंत्रित है। कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्था हेतु अध्यक्ष सिकरचंद पींचा महामंत्री डॉ. महेन्द्र संचेती राजेन्द्र डागा मोहन चोपड़ा सुंदरलाल गोलछा पवन सेठिया राजेन्द्र बांठिया मदन लुनिया बाबूलाल कांकरिया कन्हैयालाल सुराणा राकेश पींचा चांद रतन डागा धर्मेश बैद राजेश चोरडिया मनोज डागा नीलेश बुच्चा संदीप बोथरा विकास बोथरा आदि कार्यकर्ता लगे हुए थे।

# आदर्श विद्या मंदिर के नए ऑडिटोरियम का भव्य उद्घाटन 1 अप्रैल को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में संचालित आदर्श विद्या मंदिर में नए ऑडिटोरियम एवं सी बी एस ई-इंग्लिश मीडियम स्कूल के भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन 1 अप्रैल बुधवार को सुबह 11 बजे आदर्श नगर स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश अग्रवाल क्षेत्रीय संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजस्थान करेंगे । प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो राजीव सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा वेदव्रत गुप्ता समाजसेवी शामिल होंगे। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव संजीव भार्गव ने बताया कि नवनिर्मित बहुउद्देश्यीय ऑडिटोरियम में 350 व्यक्ति बैठ सकते हैं एयह ऑडिटोरियम आदर्श नगर क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेगा। प्रिंसिपल कामिनी अग्रवाल ने बताया कि अंग्रेजी माध्यम होने के साथ. साथ स्कूल में बालकों के हृदय में सद्गुण और संस्कार विकसित करके, उनमें देश प्रेम की भावना, समाज के प्रति अपनत्व और राष्ट्रभक्ति का भाव विकसित करने के उद्देश्य से श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण एवं उनके माध्यम से राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति करना ही हमारा उद्देश्य है। प्रधानाचार्य राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि स्कूल में मल्ल खम्भ के साथ साथ कई अन्य खेल खिलाए जाते हैं, जिससे बच्चों के शारीरिक सौष्ठव का विकास भी होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रबंध समिति के राजेश बड़गुर्जर, सुनील गर्ग, राजीव गुप्ता, अनिल लोढ़ा, पुष्कर उपाध्यायएतुलसी संगतानी, वंदना मेहरोत्रा सहित कई अन्य लोग जुटे हुए हैं।

# मृतक आश्रित कर्मचारी 31 मार्च तक जमा करवाएं टंकण परीक्षा आवेदन पत्र

**चूरू ( नवयत्न )।** टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होने वाले मृतक आश्रित कर्मचारियों को 31 मार्च, 2026 तक टंकण परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवाने के लिए कहा गया है। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि कार्मिक विभाग के निर्देशानुसार मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों एवं विभिन्न प्रकार के सेवा नियमों के तहत शहीद आश्रितों तथा शारीरिक हताहत के आश्रित को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के नियम 9 के तहत नियुक्त ऐसे मृतक आश्रित कर्मचारी, जिनके द्वारा अभी तक टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की गई हैं, उनके लिए अतिरिक्त अवसर कम्प्यूटर टंकण परीक्षा एवं 31 मार्च, 2026 तक प्राप्त आवेदन की टंकण परीक्षा मई, 2026 में किया जाना प्रस्तावित है। टंकण परीक्षा के लिए पृथक से सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त मृतक आश्रित कर्मचारियों को 31 मार्च, तक आवश्यक रूप से निर्धारित प्रारूप में टंकण आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 500 रुपये चैक डीडीद्ध सहित संस्थापन शाखा, जिला कलक्टर कार्यालय, चूरू आपणी योजना में जमा करवाने के लिए कहा गया है।

# झुंझुनू केंद्रीय सहकारी बैंक की अपील : 30 मार्च तक फसली ऋण चुकाने पर मिलेगा ब्याज अनुदान

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा किसानों के हित में महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए अल्पकालीन फसली ऋण धारकों से समय पर ऋण चुकाने की अपील की गई है। बैंक के प्रबंध निदेशक संदीप शर्मा ने बताया कि ब्याजमुक्त फसली ऋण योजना के तहत नियमित श्रेणी के किसानों को संपूर्ण ब्याज राशि अनुदान के रूप में दी जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ2025 के दौरान वितरित 1.50 लाख रुपये तक के अल्पकालीन फसली ऋणों का यदि किसान 30 मार्च 2026 तक 31 मार्च को अवकाश होने के कारण भुगतान कर देते हैं, तो उन्हें 7 प्रतिशत ब्याज राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। इसका अर्थ है कि समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों से किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाएगा। बैंक प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह योजना केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से ग्राम सेवा सहकारी समितियों द्वारा लागू की जा रही है। ऐसे में जिन किसानों ने खरीफ2025 में फसली ऋण लिया है, वे निर्धारित तिथि से पहले अपने संबंधित समिति या बैंक शाखा में ऋण जमा कर योजना का लाभ उठाएं। बैंक ने सभी पात्र किसानों से आग्रह किया है कि वे समयसीमा का ध्यान रखते हुए अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

**नाम परिवर्तन**

मैं सुमित्रा देवी पत्नी आर्मी नं JC493107M रैंक सूबेदार सुरेश कुमार काजला निवासी लोयल तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनू राज.। मैंने मेरा नाम सुमित्रा से बदलकर सुमित्रा देवी रख लिया है भविष्य में मुझे सुमित्रा देवी के नाम से जाना व पहचाना जावें।

## न्यायालयों के समय में 15 अप्रैल से बदलाव

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से जारी आदेशानुसार सभी अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायालय एवं कार्यालय के समय में बदलाव किया गया है, जो वर्ष 2026 में 13 अप्रैल, 2026 से 28 जून, 2026 तक लागू रहेगा। जारी आदेशानुसार उच्च न्यायालय का समय सवेरे 8 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस बीच सवेरे 10:30 से 11 बजे तक मध्यांतर रहेगा। उच्च न्यायालय में कार्यालय का समय सवेरे 7:30 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा, जिसमें सवेरे 10:30 बजे से 10:45 बजे तक मध्यांतर रहेगा। इसी प्रकार अधीनस्थ न्यायालयों में सवेरे 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक का समय रहेगाए जिसमें सवेरे 10 बजे से 10:15 बजे तक मध्यांतर रहेगा। कार्यालय समय सवेरे 7:30 बजे से दोपहर एक बजे तक का होगा, जिसमें सवेरे 10 बजे से 10:15 बजे तक मध्यांतर रहेगा। पीठासीन अधिकारी सवेरे 07:30 बजे से 8 बजे तक तथा दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 01 बजे तक चैंबर्स में कार्य करेंगे।

## विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 26 अप्रैल को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** समाज के विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा मित्र मंडल एवं अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल, रविवार को प्रातः 11 से 12:30 बजे तक प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय पर चयनित केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है तथा जिले वार कमेटीयों का गठन किया जाकर जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर समाज के विद्यार्थियों में बेहद उत्साह नजर आ रहा है और अब तक हजारों की तादाद में रजिस्ट्रेशन हुए है। परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 3 अप्रैल है। परीक्षा के झुंझुनू जिला प्रभारी नागरमल जाँगिड़ ने बताया की प्रदेश संयोजक डॉ. दिनेश जांगिड़ सारंग आईआरएस के विशेष प्रयासों से समाज के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल को दो वर्गों में किया जाएगा। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकते है। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं को क्रमशः 31 हजार, 21 हजार व 11 हजार नकद पुरुस्कार, संभाग स्तर के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को क्रमशः 5100, 3100 व 2100 रुपए नकद पुरुस्कार तथा परीक्षा केंद्र स्तर पर आने वाले प्रथम प्रतिभागी को 1100 रुपए पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। परिक्षा का माध्यम हिंदी व अंग्रेजी दोनों रहेगा तथा सभी प्रश्न बहुविल्पिक होंगे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन हेतु प्रतिभागी 50 रूपये निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन कर सकते है। परीक्षा हेतु सिलेबस जारी कर दिया गया है।

## हनुमान जन्मोत्सव : कन्हैया मित्तल एक अप्रैल को झुंझुनू में

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** चूरू बाइपास स्थित श्री बन्धे का बालाजी मन्दिर में हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे। इसमें पहले दिन 1 अप्रैल को नामी भजन गायक कन्हैया मित्तल चण्डीगढ़ वालों का कार्यक्रम होगा। मन्दिर ट्रस्ट के नरेशचन्द्र गाडिया ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में 1 अप्रैल को विशाल भजन संध्या होगी। इसमें विख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल भक्ति संगीत का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम के लिए मंदिर परिसर के मुख्य ग्राउंड में मंच तैयार करने और दर्शकों के बैठने के लिए ट्रस्ट द्वारा बेहतरीन व्यवस्थाएं की जा रही है। इस कार्यक्रम को लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। कार्यक्रम में दर्शकों के उत्साह के देखते हुए मंदिर परिसर में इस बार पार्किंग की विशेष व्यवस्थाएं की जा रही है। चूरू रोड से लगते मुख्य द्वार के उत्तर व दक्षिण दिशाओं में वाहन पार्किंग के लिए बड़े-बड़े दो ग्राउण्ड तैयार कराए गए हैं। यहां पर शहर के लोग तथा दूरदराज से आने वाले भक्तजन अपने वाहन खड़े कर सकेंगे। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर को रंग-रोगन कर नया कलेवर दिया गया है। सुजानगढ़ के डेकोरेटर लाइटिंग के माध्यम से मंदिर परिसर को चार चांद लगाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जी जान से जुट गए हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा 3 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री हनुमन्त शोभायात्रा समिति जयपुर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्र अवतारी अजर-अमर भगवान श्री हनुमान जी महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष पर विशाल शोभायात्रा 3 अप्रैल को सायंकाल सांगानेरी गेट स्थित हनुमानजी के मंदिर से निकाली जाएगी। शोभायात्रा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर से रवाना होकर जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, इंदिरा बाजार, खजाने वालों के रास्ते होती हुई चांदपोल दरवाजे स्थित भगवान श्री हनुमानजी महाराज के मंदिर पहुंचेगी।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत शहर मंडल द्वारा स्थानीय नारायण प्रसाद सिरस्वा गेस्ट हाउस में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। महाभियान गत दिवस को विधिवत उद्घाटन वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल गहलोत की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें दोनों दिनों में विभिन्न विषयों पर कुल सात सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने केंद्रीय एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां और उनके प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। द्वितीय सत्र में वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रवण सोडा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने कार्यपद्धति विषय पर प्रकाश डालते हुए संगठन की कार्यशैली एवं जिम्मेदारियों को समझाया। तृतीय सत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता बजरंग गुर्जर ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर संबोधित किया। चतुर्थ सत्र में जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जानकारी दी। पाँचवें सत्र में पूर्व चेयरमैन गोपाल मारू ने बूथ प्रबंधन, मन की बातए टिफिन बैठक एवं आगामी कार्यक्रम विषय पर मार्गदर्शन दिया। छठे सत्र में अभय सोनी ने सोशल मीडिया, एआई एवं नमो एप के उपयोग पर जानकारी दी। सातवें सत्र में जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल ने भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर संबोधित किया प्रशिक्षण शिविर में विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवभगवान कम्मा, शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, मंडल महामंत्री दीपक मुरारका, अरुण पचलंगिया, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रूंथला, सरिता प्रजापत, परमेश्वरी देवी नायक, मंडल मंत्री भीमराज प्रजापत, अनुप तामड़ायत, सुरेश घारू, कांता पचलंगिया, रामगोपाल चौधरी, हुलास प्रजापत सहित कई भाजपाई उपस्थित थे। संचालन मंडल महामंत्री अरुण पचलंगिया ने किया।

# शिक्षक संघ शेखावत का अधिवेशन सम्पन्न

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा का वार्षिक अधिवेशन एवं कार्यकारिणी चुनाव शिक्षक भवन में सम्पन्न हुआ। धिवेशन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर लगातार हमले हो रहे हैं। निजीकरण, संसाधनों की कमी और बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्यों के चलते शिक्षकों पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में शिक्षकों का संगठित रहना और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस दौरान घोषित नई कार्यकारिणी में रामचन्द्र ऐचरा को सभाध्यक्ष, महेंद्र सिंह शेखावत को उपसभाध्यक्ष, भोजराज शर्मा को अध्यक्ष एवं बाबूलाल मुंदलिया को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और नारेबाजी के साथ अधिवेशन का समापन शिक्षा बचाने और शिक्षक हितों की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ। संचालन प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैणने किया।

# सर्व समाज एकता मंच की बैठक आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सर्व समाज एकता मंच झुंझुनू के बैनर तले अम्बेडकर-फूले जयंती को लेकर द्वितीय चरण की बैठक खटिकान मंदिर में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मंच के संयोजक प्रदीप चन्देल द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने की। बैठक में आगामी फुले-अंबेडकर जयंती समारोह एवं वाहन रैली की रूपरेखा तैयार की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में महेन्द्र शास्त्री ने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और महात्मा ज्योतिबा फूले ऐसे महान व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। अन्त में माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू के जिलाध्यक्ष ने ध्वनिमत के साथ 14 अप्रैल को झुन्झुनू मे बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती विशाल वाहन रेली के लिए अपना समर्थन दिया। संयोजक प्रदीप चन्देल ने कहा कि महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समरस भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने 11 अप्रैल को आयोजित होने वाली वाहन रैली को मंच की ओर से पूर्ण समर्थन देने के साथ अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर राजेश बजाड़ ने कहा कि महात्मा फूले और बाबासाहेब अम्बेडकर के संघर्षों के कारण ही आज समाज को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं। वहीं सुभाष डिग्रवाल और बसंत वाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुषों के विचारों को केवल जयंती तक सीमित न रखते हुए उन्हें जीवन में आत्मसात करना आवश्यक है। विजय नायक, राजेश आलडिया, बबलू सारवानए विजय चावला, पवन आलडिया, किशन नायक, धर्मपाल बंसिवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी रैली को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में बाघसिंह तोमर, रामसिंह नावरिया, किशनलाल नायक, बाबूलाल सैनी, सुगनलाल मीणा, बंसीलाल नायक, रामसिंह नायक, विजय यादव, विनोद मीणा, अमरसिंह, शंकर लाल, बजरंग लाल जाटिया, ओम सिंह मीणा, रामनिवास नायक, बाबूलाल सैनी, राहुल कुमार सैनी, बबूलाल साखला, बलबंत चावरिया, विनोद खन्ना, राजेश सैनी, दिनेश सैनी, बलराम सैनी, मोहनलाल सैनी, रामविलास नावरिया, पवन नावरिया, राहुल चावरिया, दीनदयाल सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जयकारों के साथ निकली अहिंसा रैली



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को शहरभर में भक्ति व उत्साह का माहौल रहा। विभिन्न कालोनियों में प्रभातफेरियां निकाली गईं। वहीं मानसरोवर में अहिंसा वाहन रैली के दौरान भगवान महावीर के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। भादी जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सूर्य नगर, तारों की कूट, दुर्गापुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रभातफेरियां निकालकर महावीर स्वामी के जीओ और जीने दो के संदेश का प्रचार-प्रसार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। मानसरोवर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर एसएफएस से वरुण पथ के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर तक विशाल अहिंसा वाहन रैली निकाली गई। रैली थड़ी मार्केट, मीरा मार्ग और हीरा पथ होते हुए विभिन्न जैन मंदिरों से गुजरती हुई पुनः वरुण पथ पहुंची। जहां धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। इस दौरान 1008 दीपकों से भगवान महावीर की महाआरती की गई। कार्यक्रम की शुरुआत एसएफएस मंदिर में प्रोफेसर इन्द्रप्रभ एवं प्रोफेसर मृदुला द्वारा दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान जैन सभा, जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महिलाएं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भजन गाते हुए शामिल हुईं। गौरतलब है कि सोमवार को प्रातः 6 बजे मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक कर विश्व में सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ शांतिधारा की जाएगी। इसके बाद अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना कर जन्म कल्याणक श्लोकों के साथ अर्घ्य अर्पित किए जाएंगे।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ कस्बे के प्राचीन बड़ के बालाजी धाम पर श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल के शुभ दिन विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। अजीतगढ़ कस्बे के वार्ड नंबर 8 में स्थित प्राचीन श्री बालाजी धाम पर 2अप्रेल को श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य एवं विशाल भण्डारे के आयोजन के साथ-साथ अनेकानेक आयोजन भी होंगे। युवा कांग्रेस नेता सुमित पारीक ने बताया कि पुजारी नरोत्तम स्वामी के सान्निध्य में 2 अप्रैल को बालाजी महाराज का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा, मनोरम झांकियां सजाई जाएगी, अखंड ज्योत जलाई जाएगी, इत्र वर्षा होगी, संगीतमय सुंदरकांड पाठ सहित अनेक आयोजन होंगे।

## हर्षोल्लास से मनाया नटखट बालाजी का 68वां वार्षिकोत्सव

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में स्थानीय सुजानगढ़ रोड पर नेतराम भाटी के खेत मे स्थित प्राचीन श्री नटखट बालाजी धाम का 68 वां वार्षिकोत्सव हर्सेषोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। विद्वान पंडितों के सानिध्य बालाजी का अभिषेक व हवन किया गया जिसमे भाटी परिवार के विजयए ठाकुरदत्त, रमेश, हिमांशु, जतिन एवं उर्मिला भाटी सहित भाटी परिवार से जुड़े समस्त परिवारजनो ने शिरकत की और हवन मे आहुतियां देते क्षेत्र में शांति की कामना की। रात्रि को संत कैलाश नाथजी एवं गुलाबनाथ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित भजन संध्या का शुभारम्भ श्री गणेश वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर भजन गायक कलाकार पवन कुमार, मुरारीलाल जाडीवाल एंड पार्टी भादरा ने भजनों की प्रस्तुतियां पर देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। वही इस अवसर पर बालाजी के लगे भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया, उम्मेद मिश्रा, अनिल लाटा, कुलदीप व्यास, राजेंद्र बीदावत, कौटिल्य पारीक सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

# गोविंद देवजी मंदिर में हुआ गायत्री महायज्ञ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र शुक्ल एकादशी पर आराध्य देव श्री गोविंद देव जी मंदिर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की ओर से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में संपन्न इस महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध जैसे वैश्विक तनावों के दुष्प्रभाव से भारत एवं भारतीयों के हितों की रक्षा तथा विश्व शांति की कामना रहा। महायज्ञ में आठ पारियों के माध्यम से 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ का शुभारंभ मंदिर सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने दीप प्रज्वलन कर किया । इस दौरान वेदमाता गायत्री, यज्ञ भगवान, गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती देवी शर्मा का पूजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में षट्कर्म, देवी-देवताओं का आह्वान, षोडशोपचार पूजन एवं स्वस्तिवाचन सम्पन्न हुआ। अग्नि प्रज्वलन के साथ विधिवत यज्ञ आरंभ हुआ । गायत्री मंत्र एवं विशिष्ट वैदिक मंत्रों से आहुतियां प्रदान की गईं। विशेष रूप से वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत की सुरक्षा, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की गईं। आचार्य पीठ से कामिनी शर्मा, सुशीला सैनी एवं नीतू शर्मा ने शांतिकुंज पद्धति से हवन सम्पन्न कराया। संगीतज्ञ ब्रजपाल जांगिड़ ने प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुति दी। आचार्य पीठ से श्रद्धालुओं को गायत्री मंत्र जाप एवं बलिवैश्व यज्ञ के लिए प्रेरित किया गया। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों ने भी भाग लेकर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की प्रार्थना की। एकादशी पर भगवान विष्णु को विशेष आहुतियां अर्पित की गईं । एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई ग्रहण करने के भाव के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। शांति पाठ और प्रेरक जयघोष के साथ यज्ञ का समापन हुआ। इस अवसर पर गीता का सामूहिक पाठ भी किया। यज्ञ में सिया राम शर्मा, नवल गुप्ता, राकेश अरोड़ा, सतीश शर्मा एवं मनोज कुमार का विशेष सहयोग रहा। गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी द्वारा साहित्य स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को प्रज्ञा अभियान विशेषांक एवं अन्य साहित्य उपलब्ध कराया गया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा स्थित अर्चना नगर में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। क्षेत्र में धार्मिक वातावरण के बीच बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा में भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा देव नगर स्थित श्री शिव मंदिर से गाजे-बाजे और जयकारों के साथ रवाना हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अर्चना नगर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन.कीर्तन करते हुए वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कलश यात्रा के पश्चात संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मए भक्ति और ज्ञान का लाभ प्राप्त किया। कथा का वाचन आचार्य प्रेमनारायण भारद्वाज द्वारा किया जा रहा हैए जिन्होंने अपने प्रवचनों से श्रोताओं को आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

आचार्य प्रेमनारायण भारद्वाज ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य मार्गदर्शक है। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत का आरंभ नैमिषारण्य में ऋषियों के समागम से होता है, जहां सूत जी महाराज से कलियुग में मानव कल्याण का मार्ग पूछा जाता है। इसके उत्तर में भागवत कथा का प्राकट्य होता है, जो भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का समन्वय है। आचार्य ने कहा कि जब-जब मानव जीवन में मोह, अहंकार और दुख बढ़ते हैं, तब श्रीमद् भागवत ही आत्मा को शांति और परमात्मा से जुड़ने का मार्ग दिखाती है। उन्होंने श्रोताओं को समझाया कि कथा श्रवण मात्र से मन शुद्ध होता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। प्रथम दिवस पर उन्होंने भक्ति की महिमा और सत्संग के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया।


कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान के जयकारे लगाए और नियमित रूप से कथा श्रवण का संकल्प लिया।

आयोजन समिति के अनुसार, कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्थानीय निवासियों ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना है।

**"संघर्ष से भागने वाला इंसान कभी अपनी असली ताकत नहीं जान पाता, क्योंकि आग में तपकर ही लोहे को उसकी पहचान मिलती है।"**

जीवन की कठिनाइयाँ हमें रोकने नहीं आती,
बल्कि हमें मजबूत बनाने आती हैं।
जब इंसान चुनौतियों का सामना करता है,
तभी वह अपने भीतर छिपी क्षमता को
पहचानता है और सफलता की
ओर बढ़ता है।

Entrepreneur:- Poonam Choudhary



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190